दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना


RNI-MPHIN/2013/53761, DAVP 133088/20/02/2020

वर्ष-3, अंक-38
इन्दौर, गुरुवार
24 अप्रैल 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

**चाणक्य नीति**

'जो धैर्यवान नहीं है उसका न वर्तमान और न ही भविष्य'
मुझे वह दौलत नहीं चाहिए जिसके लिए कठोर यातना सहनी पड़े, या सदाचार करना पड़े, या अपने शत्रु की चापलूसी करनी पड़े।



-चाणक्य

# भारत ने पाकिस्तान पर लगाए पांच बड़े कड़े प्रतिबंध

## भारत ने पाक से सिंधु समझौता स्थगित किया, अटारी बॉर्डर बंद होगी, पाक नागरिक-राजनायिक भारत छोड़ेंगे

**नई दिल्ली, राष्ट्रीय जनभावना।** पहलगाम आतंकी हमले पर भारत ने बड़ा राजनयिक कदम उठाते हुए सिंधु समझौता स्थगित कर दिया है। पाकिस्तानी नागरिकों से कहा गया है कि 48 घंटे के अंदर भारत छोड़ दें, इसके साथ ही अटारी बॉर्डर बंद करने का ऐलान किया गया है।

अब पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा रियायत नहीं दी जाएगी। वहीं इसके साथ ही सेना को भी हाई अलर्ट पर रहने के लिए कहा गया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में गम और गुस्से का माहौल है। बुधवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में सीसीए की बैठक के बाद विदेश मंत्रालय ने कहा कई सख्त फैसले लिए। भारत ने पाकिस्तान से सिंधु समझौता स्थगित कर दिया।

एक मई से अटारी बॉर्डर बंद करने का ऐलान किया गया है। 48 घंटे में पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। पाक राजनायिकों को भी भारत छोड़ने का आदेश दिया है। सेना को हाई अलर्ट पर रहने को कहा गया है।



जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पीएम मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक हुई जो कि 2.30 घंटे चली। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल सहित अन्य कई लोग मौजूद थे। इस बैठक में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर गहन चर्चा हुई। बैठक में पहलगाम के दौरे से वापस लौटे गृह मंत्री अमित शाह ने पीएम मोदी सहित सभी अन्य राजनेताओं से पूरी वस्तुस्थिति के बारे में जानकारी दी। सरकार ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उधर, पहलगाम के बैसरन में आतंकी हमले के दूसरे दिन बुधवार को श्रीनगर से दिल्ली तक बैठकों का दौर चला। पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत हुई है। इनमें एक नेपाली नागरिक है। 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। हमला 22 अप्रैल को उस वक्त किया गया, जब बैसरन घाटी में बड़ी तादाद में पर्यटक मौजूद थे। मृतकों में क्ष् गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा के पर्यटक हैं। नेपाल और श्व के एक-एक टूरिस्ट और 2 स्थानीय भी मारे गए। इधर, सुरक्षा और इंटेलिजेंस एजेंसियों ने पहलगाम अटैक के संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। इनके नाम आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबु तल्हा बताए गए हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### रूस, अफ्रीका को महामारी से लड़ने में मदद के लिए कार्यक्रम चला रहा है- पुतिन

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को पहले रूसी-अफ्रीकी अंतरराष्ट्रीय त्वरित प्रतिक्रिया दलों के सैनिटरी और महामारी विज्ञान आपात स्थितियों से निपटने के अभ्यास में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का स्वागत किया। यह अभ्यास 23- 25 अप्रैल तक इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा में हो रहा है।

### पाकिस्तान में पोलियो रोधी टीम पर हमले में दो सुरक्षाकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में पोलियो टीकाकरण दल पर हुए हमले में दो सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

### मोहम्मद यूनुस ने की पहलगाम हमले की कड़ी निंदा

**ढाका।** बंगलादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और आतंकवाद के खिलाफ ढाका के दृढ़ रुख की पुष्टि की है। कतर की यात्रा पर गये श्री यूनुस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे शोक संदेश में कहा, महामहिम, कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में हुई जानमाल की हानि पर मेरी गहरी संवेदनाएं स्वीकार करें। हम इस जघन्य कृत्य की कड़ी निंदा करते है।

### ईरान ने भारत में आतंकवादी हमले की निंदा की

**तेहरान।** ईरान ने भारत के पहलगाम शहर में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की, जिसके परिणामस्वरूप कई भारतीय नागरिकों के साथ-साथ अन्य देशों के नागरिक भी मारे गए और घायल हुए।

ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकई ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस जघन्य कृत्य को एक गंभीर अपराध बताया, जो सभी अंतरराष्ट्रीय कानूनी और मानवीय मानदंडों का घोर उल्लंघन है।

### झारखंड निवेश के लिए तैयार है- मुख्यमंत्री सोरेन

**बार्सिलोना/रांची ।** झारखंड को वैश्विक निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन इन दिनों स्पेन और स्वीडन की आधिकारिक यात्रा पर हैं, जहां उन्होंने झारखंड में निवेश, उद्योग और खेल विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने चेकोस्लोवाकिया स्थित टेस्ला ग्रुप के सीईओ डुशान लिचार्डस से मुलाकात की। उन्होंने झारखंड में गीगा फैक्ट्री स्थापित करने का प्रस्ताव दिया।

### ईरान ने भारत में आतंकवादी हमले की निंदा की

**तेहरान।** ईरान ने भारत के पहलगाम शहर में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की, जिसके परिणामस्वरूप कई भारतीय नागरिकों के साथ-साथ अन्य देशों के नागरिक भी मारे गए और घायल हुए। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकई ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस जघन्य कृत्य को एक गंभीर अपराध बताया, जो सभी अंतरराष्ट्रीय कानूनी और मानवीय मानदंडों का घोर उल्लंघन है।

### न्यू जर्सी में जंगल में लगी आग के कारण 3 हजार लोगों ने घर छोड़ा

**न्यू जर्सी।** न्यू जर्सी में लगी जंगल की आग ने 3,200 एकड़ क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है, जिसके कारण ओशन कंट्री के हजारों निवासियों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। न्यू जर्सी वन अग्नि सेवा ने यह जानकारी दी। न्यू जर्सी अग्नि सेवा ने 'एक्स' पर अपने नवीनतम अद्यतन में कहा, ÷ग्रीनवुड फॉरेस्ट वाइल्डलाइफ मैनेजमेंट एरिया में मंगलवार को लगी आग मंगलवार रात को ओशन और लेसी टाउनशिप में जल रही थी।

# हाईकोर्ट ने छीने कलेक्टरों के अधिकार

## राजसात करने के अधिकार ट्रायल कोर्ट के पास

**जबलपुर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने एक महत्वपूर्ण आदेश दिया है। इस आदेश के अनुसार मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 47 ए को हाईकोर्ट ने असंवैधानिक घोषित किया है। हाईकोर्ट ने गौ वंश प्रतिषेध अधिनियम के तहत जप्त वाहन को राजसात करने की याचिका में दिए गये आदेश में कहा है। जब ट्रायल कोर्ट से मामला सिद्ध हो जाए। उसके बाद ही वाहन को राजसात किया जा सकता है। यह



अधिकार भी हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को दिया है। मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत, न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी एवं न्यायमूर्ति विवेक जैन की खंडपीठ ने उपरोक्त आदेश देकर कलेक्टर के वाहन राजसात करने के अधिकार को असंवैधानिक माना है।

यह फैसला सागर निवासी राजेश विश्वकर्मा और नरसिंहपुर के रामलाल झरिया की दायर याचिकाओं पर फैसला करते हुए हाईकोर्ट की तीन जजों की खंडपीठ ने कलेक्टर के अधिकार को असंवैधानिक माना।

हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है,जब ट्रायल कोर्ट से मामले का निराकरण हो जाए। उसके बाद ही वाहनों को राजसात किया जा सकता है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा लंबी ट्रायल प्रक्रिया के कारण वाहन थाने में खड़े-खड़े कंडम हो जाते हैं।

# महाराष्ट्र में हिंदी अनिवार्य भाषा नहीं होगी

## राज्य सरकार ने 6 दिन बाद बदला फैसला

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में स्कूली पढ़ाई के लिए अब हिंदी अनिवार्य भाषा नहीं होगी। राज्य सरकार ने हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा बनाने का निर्णय वापस ले लिया है। शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे ने कहा कि मराठी अनिवार्य होगी, अंग्रेजी दूसरी भाषा और तीसरी भाषा ऑप्शनल यानी वैकल्पिक होगी। इससे पहले रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने कहा था कि स्टूडेंट्स तीसरी भाषा अपने मन से चुन सकेंगे। हिंदी अनिवार्य नहीं होगी।



### 6 दिन बाद वापस ल लिया फैसला

आपको बता दें फैसला वापस लेने से 6 दिन पहले यानी बुधवार को ही महाराष्ट्र में 1 से 5वीं तक के स्टूडेंट्स के लिए तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी अनिवार्य की गई थी। ये फैसला राज्य के सभी मराठी और अंग्रेजी मीडियम स्कूलों पर लागू किया गया था। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (NEP) 2020 के नए करिकुलम को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र में इन क्लासेज के लिए तीन भाषा की पॉलिसी लागू की गई थी। राज्य के स्कूल एजुकेशन डिपार्टमेंट ने बुधवार को ये घोषणा की थी।

# घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो घुसपैठिए ढेर



**श्रीनगर (एजेंसी)।** उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बुधवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी गई। सेना ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। यह कोशिश जम्मू-कश्मीर में नागरिकों पर सबसे घातक आतंकवादी हमले के एक दिन बाद नाकाम की गई, जिसमें अनंतनाग जिले के पहलगाम के प्रसिद्ध रिसॉर्ट के पास एक घास के मैदान में 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति मारे गए थे। सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा कि दो से तीन अज्ञात आतंकवादियों ने उरी नाला के पास सरजीवन के सामान्य क्षेत्र से घुसपैठ की कोशिश की। एलओसी की सुरक्षा में तैनात सतर्क सैनिकों ने इस प्रयास का पता लगाया और उसे रोक दिया, जिसके बाद गोलीबारी हुई। सेना ने बताया कि भारी गोलीबारी में दो घुसपैठिए मारे गए। सेना ने कहा, आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और युद्ध संबंधी अन्य सामान बरामद

# आतंकी हमले में बाल-बाल बचे छिंदवाड़ा के कांग्रेस नेता

## लोगों को चिल्लाते देख मैं भी वहां से भागा; इंदौर के सुशील की भी मौत

**महू/इंदौर (निप्र)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 27 लोगों की मौत हो गई। घटना बैसारन घाटी इलाके में मंगलवार दोपहर 2.45 बजे हुई। इंदौर के वीणा नगर निवासी सुशील नथानियल भी इस हमले में मारे गए हैं। उनकी बेटी आकांक्षा गोली लगने से घायल हुई हैं। सुशील आलीराजपुर स्थित एलआईसी की सैटेलाइट शाखा में पदस्थ थे। वे 4 दिन पहले ही 21 वर्षीय बेटे ऑस्टिन गोल्डी, 30 वर्षीय बेटी आकांक्षा और पत्नी जेनिफर के साथ



कश्मीर गए थे। एडिशनल पुलिस कमिश्नर (कानून) अमित सिंह ने सुशील की मौत की पुष्टि की है। छिंदवाड़ा की चौरई विधानसभा के कांग्रेस नेता नवीन चौधरी (45) पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दौरान मौके पर मौजूद थे। दोस्तों के साथ कश्मीर घूमने गए चौधरी ने बताया- शुरुआत में लगा कि कोई पटाखे फोड़ रहा है। लोगों के चिल्लाने और भागने की आवाजें सुनकर समझ में आया कि यह आतंकी हमला है। हमले के समय चौधरी रील बना रहे थे। जान का खतरा भांपते ही वहां से भागे। भागते समय सेल्फी मोड में वीडियो भी रिकॉर्ड किया। वीडियो में वह कह रहे हैं कि अब परमेश्वर ही उनकी जान

# मप्र राजस्थान सहित 14 राज्यों में आज हीटवेव का अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौसम विभाग ने बुधवार को दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश सहित 14 राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की है। इस दौरान कई राज्यों में तापमान 3-5 डिग्री तक बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश में अगले 5 दिन में अधिकतम तापमान 47 डिग्री पहुंचने का अनुमान है। राजस्थान के 4 जिलों में आज लू का यलो अलर्ट है। 14 शहरों में मंगलवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर पहुंच गया। वहीं, MP के 6



जिलों में हीटवेव के आसार है। खजुराहो, नौगांव, पन्ना, सीधी में तापमान 45 डिग्री या इससे अधिक रह सकता है। उधर, छत्तीसगढ़ में मंगलवार को बीजापुर-तेलंगाना बॉर्डर पर लू से एक मजदूर की मौत हो गई। वह मिर्ची तोड़ने के लिए तेलंगाना गया था। मौसम विभाग ने 3 दिनों तक सरगुजा संभाग, रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के 11 जिलों में लू का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, मौसम विभाग ने कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, मणिपुर सहित 12 राज्यों में आज बारिश की संभावना जताई है। अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 27 अप्रैल तक भारी बारिश का अलर्ट है।

# घर में मिला निर्वस्त्र शव, कमरे में छिपा था जेठ

**रायसेन (एजेंसी)।** रायसेन में 19 साल की नवविवाहिता का शव उसके घर में मिला। उसके गले में रस्सी के निशान थे और शरीर पर कपड़े नहीं थे। जेठ पर दुष्कर्म के बाद हत्या करने के आरोप लगे हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला वनगंवा क्षेत्र का है। महिला के पति ने



बताया कि मंगलवार को जमीन विवाद को लेकर मेरे बड़े भाई ने मुझ पर कुल्हाड़ी से हमला किया था। मैं खेत की तरफ भागा और पुलिस को सूचना दी। जब मैं पुलिस के साथ लौटा तो घर का गेट बंद था। खिड़की से अंदर जाकर देखा तो पत्नी बेसुध पड़ी थी और बड़ा भाई कमरे में छिपा था।

# मुख्यमंत्री ने आतंकी हमले में शहीद हुए सुशील को दी श्रद्धांजलि

### पत्नी कलमा नहीं पढ़ पाए तो मार दी गोली

**इंदौर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में जान गंवाने वाले सुशील नथानियल का शव बुधवार रात में इंदौर पहुंचा। सीएम डॉ. मोहन यादव ने पुष्पाजंलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार के प्रति शोक संवेदना जताई। मुख्यमंत्री से मिलते ही उनके परिजन फूट-फूटकर रोने लगे।

सीएम ने उन्हें दिलासा दिया। उधर, जैसे ही सुशील की मौत की खबर क्षेत्र में लगी तो पूरा क्षेत्र गमगीन हो गया था। पहलगाम में हुई आतंकी घटना को लेकर हीरानगर थाना क्षेत्र के 68, वीणा नगर में दिनभर हलचल रही। पूरे क्षेत्र में गमगीन माहौल बना रहा। घर के सदस्य पथराई आंखों से मृतक और हादसे में घायल लोगों की राह देखते रहे। आसपास के लोग घटना को लेकर चर्चा करते रहे। सूचना मिलने पर कलेक्टर आशीषसिंह, क्षेत्रीय विधायक रमेश मैंदोला सहित कई नेता मृतक के घर



पहुंचे और पीड़ित पक्ष को ढांढस बांधा।

मृतक के भाई ने कहा कि सुशील हर बार सरप्राइज देते थे। इस बार ऐसा सरप्राइज देंगे, सोचा भी नहीं था। आतंकी हमले में मारे गए सुशील नथानियल का शव बुधवार रात में इंदौर पहुंचा। सीएम ने पुष्पाजंलि अर्पित की सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा - दिवंगत सुशील के परिजनों से मुलाकात की। उनसे मिलकर मन द्रवित हो गया है, बेहद दुखी हो गया है। सुशील की पत्नी ने बताया कि गोली मारने के पहले उनके पति को कलमा पढ़ने का कहा गया, जब उन्होंने बताया कि वो क्रिश्चियन है तो उन्हें गोली मार दी गई। दुख की इस घड़ी में हमारी पूरी सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। सुशील आलीराजपुर स्थित एलआईसी की सैटेलाइट शाखा में पदस्थ थे। वे 4 दिन पहले ही 21 वर्षीय बेटे ऑस्टिन गोल्डी, 30 वर्षीय बेटी आकांक्षा और पत्नी जेनिफर के साथ कश्मीर गए थे।

## मुद्रा संग्रह करने में सहयोगी पत्नी का किया सम्मान



**इंदौर।** देशभर में मुद्रा संग्राहक और मुद्राशास्त्री क तौर पर पहचान बनाने वाले इंदौर के गिरीश शर्मा %आदित्य की पत्नी श्रीमती इंदु बाला शर्मा का उदयपुर मुद्रा कांफ्रेंस में आयोजकों ने सम्मान किया। उनको यह सम्मान उनके पति के मुद्रा संग्रह के कार्यों में उल्लेखनीय सहयोग के लिए दिया गया। क्योंकि मुद्रा संग्रह दरअसल एक जुनून है और बेहद कठिन कार्य है है। जो वास्तव में जीवन संगिनी के सहयोग के बिना उत्तम संग्रह संभव नहीं है। इस भावपूर्ण कार्य के लिए आयोजक श्रीमती पंकज अमेटा भी धन्यवाद की पात्र हैं। कुल मिलाकर सहयोगी पत्नी के प्रति सम्मानजनक माहौल बनाना महत्वपूर्ण है, क्योंकि रिश्तों की मजबूत नींव से ही जीवन मे सफलता मिलने में आसानी होती है।

## पृथ्वी दिवस मनाया गया




पृथ्वी दिवस के अवसर पर, सिका बालवाटिका, निपानिया कैंपस के नन्हे शिक्षार्थी हमारे सुंदर ग्रह का सम्मान और उत्सव मनाने के लिए एकत्रित हुए। गीतों, नृत्यों, कविताओं और गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने प्रकृति की रक्षा करने और पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने के महत्व को समझा। सहायक प्रधानाध्यापिका श्रीमती सोनल खन्ना ने बच्चों को शपथ दिलाई और प्रतिदिन धरती माता की सेवा व संरक्षण के लिए एकजुट होने के लिए प्रेरित किया – केवल आज नहीं, बल्कि हर दिन!

## रज़ा ऐ मुस्तफा वेलफेयर सोसायटी की जानिब से इज्तेमाई सदी निकाहं का आयोजन किया गया



**इन्दौर** के खजराना दरगाह मैदान मै रज़ा मुस्तफा वेलफेयर सोसायटी द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन रखा गया था जिसमें नारकोटिक्स विंग और थाना खजराना भी अतिथि रहे इस दौरान देखा गया कि नारकोटिक्स विंग ने नवविवाहित जोड़े सहित सभी लोगों को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई जिसमें सभी लोग नशे के विरुद्ध एकजुट दिखाई दिए।कमेटी के अध्यक्ष जावेद खान ने बताया कि यह दुसरा सम्मेलन है पहले सम्मेलन में 11 जोड़े थे अब की बार 8 जोड़ों का शरियत अनुसार निकाहं कराया गया है परिवार से सभी ज़रूरी दस्तावेज लेते हैं और नाम मात्र शुल्क लेते हैं जिनके पास नहीं होते हैं तो कमेटी उन्हें खुद मुहैया कराती है इसमें घर-गृहस्थी के सभी जरूरी सामान भी दिया जाता है जैसे कुरान ए मजिद,जानमाज मशेरी अलमारी गैस चुल्हा सिलेंडर बर्तन आदि,आज इस कार्यक्रम मै इन्दौर शहर की नारकोटिक्स विंग टीम और खजराना थाने के स्टाफ भी हमारी अतिथि रहे उनके द्वारा नवविवाहित जोड़ों के साथ सम्मेलन में पहुंचे हजारों लोगों को एक साथ नशे के विरुद्ध शपथ भी दिलाई गई वहीं मुफ्ती साहब ने निकाह के बाद खुतबा भी पढ़ा और सभी लोगों ने देश मै अमन चैन तरक्की की दुआं मांगी इस कार्यक्रम मै उपस्थित रहे थाना नारकोटिक्स सेल वर सिंह खड़िया थाना प्रभारी एवं उप निरीक्षक अजय शर्मा याह्या बाबा,समाजसेवी सय्यद वाहीद अली, साजिद पठान, सफीं खान, उस्मान पटेल, जावेद अज़ीम लाला, अख्तर नेता, वरिष्ठ पत्रकार रियाज़ खान, पत्रकार सलमान अंसारी, निजाम मंसूरी हफ़िज़ भाई,मुस्ताक अहमद,आशिक भाई, मुस्ताक़ बाबा,अमीन रंगरेज और कमेटी के सभी कार्यकर्ता आदि पूरे समय उपस्थित रहे।कमेटी अध्यक्ष जावेद खान ने इस अवसर पर आएं सभी अतिथियों मेहमानों कार्यकताओं का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया।

## सहज सरल होना साधुता है उपाध्याय विश्रुतसागर



**इंदौर** छत्रपति नगर आदिनाथ जिनालय में विराजमान उपाध्याय मुनि विश्रुत सागर जी ने ऋषभ सभा ग्रह में अपनी मंगल देशना में संबोधित करते हुए कहा कि सहज, सरल होना साधुता है और राग ,द्वेष, मान, कषाय से भरे रहना असाधुता है। जो अपनी कषयों को जीत लेता है सहज सरल रहता है वही सम्यक दृष्टि है। सम्यक दृष्टि जीव संसार शरीर और भोगों से विरक्त रहता है और उसी का मोक्ष मार्ग प्रशस्त होता है। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि प्रवचन देते हुए व्यक्त किये।अपने आगे कहा कि हमारा जन्म आत्मा के कल्याण के लिए हुआ है। आत्मा के कल्याण के लिए पर की दृष्टि गोण होना चाहिए। मोह की चर्चा करते हुए आपने कहा कि मोह मिथ्यात्व है जितना मोह करोगे दुखी ही होवगे। आत्मा का कल्याण और सुखी होना चाहते हो तो मोह से विरक्ति करो और मैं शरीर नहीं आत्मा हूं ऐसा चिंतन करो। धर्म सभा का संचालन **डॉक्टर जैनेंद्र जैन ने किया**

# कलात्मक रुझानों को विकसित कर व्यक्तित्व को समृद्ध बनाएं

### विशेष शिविर में बालिकाओं को मिला विविध प्रशिक्षण



**इंदौर।** कलाएं जीवन मेंति रची-बसी हैं।वे जीवन को सरस और समृद्ध बनाती हैं। हममें कुछ न कुछ कलात्मक रुझान होते ही हैं ।बचपन से ही उन्हें विकसित कर व्यक्तित्व का विकास किया जा सकता है। समाज सेवा प्रकोष्ठ के तीन दिवसीय बालिका शिविर में सुप्रसिद्ध रंगकर्मी श्रीराम जोग एवं सुविख्यात गायिका कल्पना झोकरकर ने बचपन से ही अपनी कलात्मक अभिरुचि विकसित करने हेतु प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान किया।

साहित्यकार प्रदीप नवीन ने अपने रोचक किन्तु संदेश पूर्ण बाल गीतों से सभी को लोटपोट कर दिया। अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ शिरीष श्रीवास्तव ने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य के लिए बच्चे मौसम के अनुकूल फल और सब्जियां खाएं,घर का ताज़ा खाना खाएं, फास्ट फूड एवं मोबाइल से दूर रहें तथा परंपरागत मैदानी खेलों में भाग लें ।श्री विजय सूपेकर ने प्रकृति का गीत फूलों से तुम हंसना सीखो सिखलाया एवं योगाचार्य राज गुलानी ने योगासन सिखलाए।समाज सेवी श्रीकांत कुलकर्णी ने भी शुभकामनायें दी। समाज सेवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आलोक खरे ने बताया कि बालिका सशक्तीकरण के उद्देश्यों से प्रेरित इस विशेष निःशुल्क प्रशिक्षण की सफलता को देखते हुए अब इसे अन्य क्षेत्रों में भी आयोजित किया जाएगा। समापन पर शिविर के उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरुस्कार एवं सभी बालिकाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री आलोक खरे ,शिविर संयोजक श्री अविनाश कुलकर्णी, अशोक कापड़नीस, वर्षा पाठक एवं पुष्पा महाडिक ने स्वागत किया ।नरेंद्र चैतन्य, नीलाक्षी वैद्य एवं राजेन्द्र चौधरी भी उपस्थित थे ।संचालन श्याम पांडे ने एवं आभार प्रदर्शन सचिव सुबोध भौरास्कर ने किया।

## नैनोद ग्राम में अल्पविराम परिचय सत्र का किया गया आयोजन



**इंदौर।** राज्य आनंद संस्थान भोपाल एवं जिला प्रशासन इंदौर के निर्देशन में आनंद ग्राम नैनोद के आनंदकों के लिए आज अल्पविराम परिचय सत्र का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक श्री विजय कुमार मेवाड़ा द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम में आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर श्री राजेश सिसोदिया, श्री यश पाराशर, श्री दिनेश चौधरी और मीनाक्षी मिश्रा द्वारा सत्र का संचालन किया गया। आनंद विभाग का परिचय से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। साथ ही संस्थान का परिचय एवं कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में सही समझ व आंतरिक आनंद को विकसित करने हेतु विभिन टूल्स प्रस्तुत कर बताया गया कि कैसे हम अपने जीवन को हल्का और आनंदीत बना सकते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण जनों ने अपने जीवन में सही समझ व आनंद के साथ अपने कार्य क्षेत्र एवं व्यक्तिगत जीवन को कैसे जीना है,इसकी प्रक्रिया को विभिन्न टूल्स के माध्यम से समझा। श्री उज्जवल प्रकाश स्वामी ने हास्य गतिविधियों के माध्यम से सभी को आनंदित किया।

## कुवैत की सुप्रसिद्ध कवयित्री संगीता चौबे पंखुड़ी सम्मानित

**इंदौर,** मध्य प्रदेश के समृद्ध एवं यशस्वी मंच राष्ट्रीय हिंदी रक्षक मंच के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर अखिल भारतीय कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संपूर्ण विश्व से अनेक कवि कवयित्रियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कुवैत की सुप्रसिद्ध कवयित्री संगीता चौबे पंखुड़ी की रचना

÷ नारी भरे उड़ान ÷ को निर्णायक मंडल द्वारा प्रथम पुरस्कार हेतु चयन किया गया ।

प्रतियोगिता का विषय था - नारी और स्वतंत्रता की उड़ान , जिस पर सम्मिलित हुई रचनाओं का मूल्यांकन भाषा, शब्द संयोजन , भाव और संदेश के आधार पर किया गया ।

### संत रामानंद जीने कहा था

## धार्मिक क्षेत्र में जाति-पांति का कोई भी स्थान नहीं होना चाहिए



**इंदौर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज में जन्में। धार्मिक वातावरण माता-पिता से प्राप्त हुआ एवं गुरु राघवानंद जी के पास रहकर शास्त्र, पुराण, उपनिषद, वेद, दर्शन, योग भक्ति तथा दूसरे धर्मग्रंथों का अध्ययन करने वाले समाज सुधारक स्वामी रामानंद ने अपने जीवन के 112 वर्ष भारतीय समाज को नई दिशा, सामाजिक एकता संदर्भ मार्गदर्शन दिया। श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति, इन्दौर ने कालजयी साहित्यकार स्मरण श्रृंखला में आज 108वॉं पुष्प स्वामी रामानंद को समर्पित किया। उनके संदर्भ में वक्ताओं ने कबीर के प्रसंग को प्रमुखता से बताया। श्री अरविन्द जोशी ने कहा कि बहुत छोटी सी उम्र में उन्होंने बहुत से धर्म ग्रंथों का अध्ययन कर लिया था। भारत भ्रमण से लौटने के बाद तेरहवीं शताब्दी में राम को नायक के रूप में और आराध्य के रूप में प्रस्तुत करने वाले रामानंद पहले संत थे। डॉ. दीप्ति गुप्ता ने कहा कि उन्होंने धार्मिक और सामाजिक परिवर्तन करने में अग्रणी भूमिका निभायी। मोहम्मद तुगलक ने इनसे प्रभावित होकर हिन्दुओं पर से जजिया कर हटा दिया था। डॉ. सुनीता फडनीस ने कहा कि वे उदार विचारधारा वाले संत थे। भरत उपाध्याय ने कहा कि उनके रचे हुए 17 ग्रंथ उपलब्ध हैं। डॉ. अरुणा सराफ ने कहा कि वे वैष्णव सम्प्रदाय के संत रहे उनके द्वारा रचित 'श्री वैष्णवमताब्ज भास्कर' प्रमुख ग्रंथ है। डॉ. आरती दुबे ने उनके साहित्य में वर्णित भक्तिभाव को प्रदर्शित किया। डॉ. अर्पण जैन ने भक्तिकाल को उन्हें प्रमुख कवि बताया। डॉ. सुरेन्द्र नारायण सक्सेना ने कहा कि रामानंद जी सभी वर्गों को सम्प्रदाय को अपने साथ लेकर चलने के पक्षधर थे। अश्विन श्याम जोशी ने उन्हें समाज को जोड़ने वाला व्यक्तित्व बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समिति के शोध मंत्री डॉ. पुष्पेन्द्र दुबे ने कुछ प्रमुख दोहे पढ़े एवं बताया कि 'आरती जय हनुमान लला की' यह उनकी ही रचना है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अखिलेश राव ने किया एवं अंत में आभार हरेराम वाजपेय ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. आभा होल्कर, किशोर यादव, रामाश्रय पाण्डेय, राघवेन्द्र दुबे, ज्योति यादव, महेश लोदवाल, नयन राठी, विजय खंडेलवाल, श्याम सिंह आदि काफी संख्या में सुधीजन उपस्थित थे।

# भविष्य की चिंता : सूर्य के तेज से तप रहे भवन, कैसे पढ़ेंगे मासूम, पंखे न कूलर

### 117 सरकारी स्कूलों में नहीं बिजली कनेक्शन, भीषण गर्मी में तप रहे मासूम

**पीथमपुर।** जिले में भीषण गर्मी के बीच सरकारी स्कूलों में बच्चे पढ़ने को मजबूर है। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। इस झुलसा देने वाली गर्मी में राहत देने के लिए स्कूलों में व्यवस्था नहीं हैं, यहां बिजली कनेक्शन ही नहीं है। इससे बच्चे व शिक्षक सभी परेशान हैं। तपती छत व गर्म हवाओं के बीच स्कूल में रहना पड़ रहा है। स्कूल में पांच घंटे काटना मुश्किल हो गया है। सुबह आठ बजे से ही धूप अपने तेवर दिखाने लगी है। सुबह 7.30 बजे स्कूल पहुंच जाते हैं। उन्हें 12.30 बजे तक स्कूल में ही बैठना होता हैं। ऐसे में इस भीषण गर्मी के बीच कक्षाओं में पढ़ाई कर पाना मुश्किल हो गया है। कक्षा की सुबह से ही गर्म हो जा रही है। खिड़की खोलने पर कमरे के अंदर तक गर्म लपट आ रही है। देखा जाए तो 1 से 8 तक की स्कूलों की हालत सबसे अधिक खराब हैं। बिजली कनेक्शन नहीं होने से गर्मी में बच्चे पढ़ नहीं पा रहे हैं।

**गर्मी से हलाकान हो रहे स्कूली बच्चे-** भीषण गर्मी का असर बच्चों पर अधिक पड़ रहा है। शिक्षकों का कहना है कि जब हम बड़े गर्मी से परेशान है तो बच्चों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। गर्मी अधिक होने से बच्चे ठीक से पढ़ भी नहीं पा रहे हैं। धूप तेज होने से कोशिश करते हैं कि वे कमरे में ही रहे, धूप में निकलेंगे तो उनकी तबीयत खराब हो सकती है। इधर कमरों में वे पसीने से तर हो जा रहे हैं। स्कूल में बिजली कनेक्शन नहीं हैं। इससे वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करवा दिया है।

**नहीं भेजेंगे स्कूल तो पढ़ाई छूट जाएगी-** बच्चों को स्कूल भेज रहे पालकों से चर्चा की तो उनका कहना है कि बच्चों को स्कूल भेजना उनकी मजबूरी हैं। अगर वे बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे तो वे पढ़ाई में पीछे रह जाएगें। अभी जो स्कूल में पढ़ाया जा रहा है उन्हें वह समझ नहीं आएगा। इससे उन्हें बाद में दिक्कत होगी। स्कूल में शासन ने बिजली की व्यवस्था करना चाहिए। इससे बच्चों को इस भीषण गर्मी में पंखे व कूलर के बीच पढ़ने में आसानी होगी।

## रोहिणी नक्षत्र और सर्वार्थ सिद्धि योग में मनेगी अक्षय तृतीया

- **यह दिन सतयुग और त्रेता युग के आरम्भ का प्रतीक है**
- **तृतीया 29 अप्रैल की शाम को ही शुरू हो जाएगी**

**इंदौर।** वैशाख मास में अक्षय तृतीया का पर्व 30 अप्रैल को रोहिणी नक्षत्र और सर्वार्थ सिद्धि योग में मनाया जाएगा। इस दिन श्री विष्णु, माता लक्ष्मी और गौरी की पूजा से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

अक्षय तृतीया पर अबूझ मुहूर्त होता है। इस दिन बगैर सुझाए विवाह भी होते हैं। इसलिए अक्षय तृतीया पर सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाता है। अक्षय तृतीया पर सभी शहरों में ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। वैदिक पंचांग के अनुसार, वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि की शुरुआत 29 अप्रैल को मंगलवार शाम को पांच बजकर 31 मिनट से शुरू होगी। वहीं, तृतीया तिथि का समापन 30 अप्रैल को दोपहर दो बजकर 12 मिनट पर होगा। सनातन धर्म में सूर्योदय से तिथि की गणना की जाती है। इसके लिए 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया मनाया जाएगा। 30 अप्रैल के दिन पूजा का शुभ समय सुबह पांच बजकर 41 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 18 मिनट तक है।

## राष्ट्रसंत आचार्य विहर्ष सागर जी महाराज का भव्य मंगल प्रवेश राजवाड़ा से होगा

**इंदौर।** राष्ट्र संत आचार्य श्री विहर्ष सागर जी महाराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025 को प्रातः 7-30 बजे राजवाड़ा से मोदी जी की नासिया तक होगा। इस अवसर पर बैंड बाजों के साथ महिलाएं केसरिया साड़ी में एवं पुरुष वर्ग श्वेत परिधान में सम्मिलित होंगे। संघ के साधुओं का जगह-जगह पाद प्रक्षालन होगा व मंगल आरती उतारी जाएगी।

दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष श्री राजकुमार पाटोदी एवं प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि आचार्य श्री जी का संघ हजारों किलोमीटर दूर तीर्थराज सम्मेद शिखर जी से पदयात्रा करता हुआ आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के पट्टाचार्य पद प्रतिष्ठा संस्कार महोत्सव एवं जैन महाकुंभ के कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आ रहा है। उक्त कार्यक्रम 27 अप्रैल से 2 मई तक सुमती धाम, गांधीनगर इंदौर में आयोजित किया जा रहा है। इस दिन आचार्य विहर्ष सागर जी महाराज जी के साथ उपाध्याय विभंजन सागर जी,

# देपालपुर में ट्रैफिक जाम बना विकराल समस्या, मंगलेश्वर मंदिर मार्ग की चौड़ाई बढ़ाने की उठी पुरज़ोर मांग

**पूर्व जनपद अध्यक्ष उमरावसिंह मौर्य ने विधायक एवं प्रशासन से शीघ्र कार्यवाही की अपील की**

**देपालपुर।** ऐतिहासिक कस्बा देपालपुर आज एक ऐसी समस्या से जूझ रहा है, जिसने नागरिकों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित कर रखा है। कस्बे के हृदयस्थल में स्थित मंगलेश्वर मंदिर के पास का संकरा मार्ग इन दिनों हर दूसरे-तीसरे दिन भीषण जाम का कारण बन रहा है। यह जाम केवल असुविधा नहीं, बल्कि व्यापार, शिक्षा, चिकित्सा और दैनिक जीवन को बाधित कर देने वाली चुनौती बन चुका है। गौतमपुरा-इंदौर तथा गौतमपुरा-बेटमा मार्ग के बीच का यह स्थान अत्यधिक महत्वपूर्ण है, जहाँ से प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। इस मार्ग की चौड़ाई इतनी कम है कि एक समय में केवल एक वाहन ही निकल सकता है। ऐसे में दोनों ओर से आने वाले वाहनों के बीच अक्सर टकराव की स्थिति बन जाती है, जिससे जाम लगना आम बात हो गई है। इस मार्ग पर कोई ट्रैफिक नियंत्रण की व्यवस्था नहीं है, न पुलिस की मौजूदगी और न ही कोई सिग्नल प्रणाली। संकरी सड़क, पैदल यात्रियों की भीड़ और आसपास के व्यापारिक प्रतिष्ठानों का दबाव – ये सभी मिलकर स्थिति को और विकराल बना रहे हैं। इस ज्वलंत समस्या को लेकर पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं इंदौर सहकारी दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष श्री उमराव सिंह मौर्य ने देपालपुर विधायक मनोज पटेल को एक पत्र लिखकर शीघ्र कार्यवाही की अपील की है। उन्होंने सुझाव दिया है कि मंगलेश्वर मंदिर के समीप स्थित नाली को यदि 40 फीट तक चौड़ा कर, उस पर मजबूत स्लैब डाल दी जाए, तो सड़क की चौड़ाई लगभग 5 फीट बढ़ाई जा सकती है। इससे दो वाहन आराम से निकल सकेंगे और जाम की स्थिति समाप्त हो सकती है। श्री मौर्य ने कहा, ÷यह समस्या अब सिर्फ असुविधा नहीं, बल्कि जनहित का मुद्दा बन चुकी है। आमजन, छात्र, बुजुर्ग, रोगी - सभी इस संकट से पीड़ित हैं। समय रहते समाधान न किया गया, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।÷ उन्होंने इस पत्र की प्रतिलिपि जिला कलेक्टर, एसडीएम देपालपुर को भी भेजी है ताकि प्रशासनिक स्तर पर तत्काल सर्वे कर कार्य योजना तैयार की जा सके। स्थानीय नागरिकों की भी मांग है कि इस समस्या को नजरअंदाज न किया जाए। व्यापारियों ने बताया कि आए दिन लगने वाले जाम के कारण ग्राहक कम हो रहे हैं। एंबुलेंस, स्कूल बसें और आपातकालीन सेवाएं भी इस जाम में फंस जाती हैं, जिससे कई बार हालात चिंताजनक हो जाते हैं। अब देपालपुर की जनता को उम्मीद है कि विधायक मनोज पटेल व जिला प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर ठोस पहल करेंगे और शीघ्र ही सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# कलेक्टर ने किया श्रमदान, दिलाई जल संवर्धन की शपथ

## कलेक्टर ने किया श्रमदान, दिलाई जल संवर्धन की शपथ

**धार।** प्राचीन जल संरचनाओं का संरक्षण एवं वर्तमान जल स्रोतों के संवर्धन हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान तहत आज कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने अमझेरा के तालाब में श्रमदान किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अमझेरा के प्राचीन तालाब के घाट पर साफ सफाई की एवं बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणजनों को जल संवर्धन की शपथ दिलाकर इसे जन अभियान बनाने की आवश्यकता पर बल दिया ।इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जल स्रोतों और जल





संरचना का संरक्षण समय की आवश्यकता है, जिसे जन सहयोग से पूर्ण किया जा सकता है। अपने निरीक्षण के दौरान प्राचीन बावडी के जीर्णोद्धार ,

चेक डैम वाल निर्माण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए गए ।इसके पूर्व कलेक्टर द्वारा सरदारपुर क्षेत्र में माही नदी पर चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का अवलोकन कर माही नदी के गहरीकरण के निर्देश दिए गए ।कलेक्टर द्वारा सरदारपुर एवं तिरला में निर्माणाधीन सीएम राइस विद्यालय भवनों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को दिए। साथ ही उपस्थित प्राचार्य एवं शैक्षणिक अमले को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश भी दिए गए। का भ्रमण के दौरान एसडीएम सरदारपुर श्रीमती आशा परमार, एसडीएम धार श्रीमती रोशनी पाटीदार, सरदारपुर सीईओ,भवन निर्माण एजेंसी के अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# वैदिक मंत्रों के साथ देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा







**धार।** सप्त दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के साथ नवनिर्मित अद्भुत शिव शोभित सनातन धर्म मंदिर खजुआ अमोली मार्ग के मुख्य मार्ग न्योरी जलालपुर में देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। जहां प्रतिदिन शिव पुराण की कथा तथा रात्रि जागरण सहित कलश यात्रा अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां मुख्य यजमान श्रीमती किरण तिवारी एवं श्री उत्तम तिवारी सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में विद्वान आचार्य श्री राम जी शुक्ला वह उनके सहयोगी विद्वान् पंडितों द्वारा वैदिक मित्रों के साथ द्वारा भगवान शिव सहित अन्य देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। उसके पूर्व मंदिर पर विराजमान होने वाले देवाधिदेव भगवान शंकर माता पार्वती, विघ्नहर्ता श्री गणेश, श्री राधा कृष्ण, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम दरबार, पवन पुत्र श्री हनुमान जी महाराज, मां कालिका, देवी लक्ष्मी माता, मां दुर्गा, सहित अन्य देवी देवताओं की नगर के प्रमुख मार्गो में शोभा यात्रा निकाली गई जहां ग्रामीणों में पुष्प वर्षाकर शोभायात्रा आत्मीय स्वागत किया। उक्त धार्मिक आयोजन में उ.प्र. महिला बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला, पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी, विधायक एवं पूर्व कारागार मंत्री श्री जयकुमार सिंह जैकी, पूर्व विधायक श्री आदित्य पांडे की विशेष उपस्थिति रही जिन्होंने पूजा अर्चना करते हुए महाप्रसाद को ग्रहण किया। प्राण प्रतिष्ठा के अंतिम दिन कन्या कन्या भोज के साथ हजारों की संख्या में भक्तगणों ने महाप्रसादी ग्रहण की। उक्त आयोजन में मुख्य यजमान तिवारी परिवार के साथ गुरु प्रसाद तिवारी, भूपेंद्र तिवारी, विवेक तिवारी,आनंद तिवारी, नितिन तिवारी, यश तिवारी, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, डॉ वंदना तिवारी, सुरेंद्र मिश्रा पाली, विवेक शुक्ला, प्रमोद शुक्ला,सर्वेश तिवारी, मनोज तिवारी, नितिन तिवारी आदि का विशेष सहयोग रहा।



# खेत में आग

## लाखों का नुकसान

### ग्रामीणों ने टैंकरों की मदद से पाया आग पर काबू

**मोहन बड़ोदिया।** बुधवार को बैठकजी रोड स्थित दिलीप कुमार कांतिलाल बिसानी के खेत में अचानक आग लग गई। आग की लपटों ने खेत में रखे बांसों के ढेर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वे पूरी तरह जलकर राख हो गए। इसके साथ ही खेत के चारों ओर लगे सागौन, नीम सहित अन्य पेड़ भी आग की लपटों में आकर खाक हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही मोहन बड़ोदिया थाने से थाना प्रभारी प्रेम किशोर व्यास स्टाफ, विद्युत वितरण कंपनी के गब्बर सिंह, मुरलीधर व राहुल बरेठा मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों के साथ आग बुझाने का प्रयास किया, किसानों ने भी आग बुझाने के प्रयास किए, लेकिन तब तक लाखों का नुकसान हो चुका था। मौके पर पहुंचे पटवारी कुंदन भटोदरा ने पंचों से जानकारी लेकर पंचनामा तैयार किया, जिसमें लगभग 5 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। स्थानीय किसानों पवन, गिरिराज, ललित, प्रेम और दिलीप ने बताया कि मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की सुविधा न होने से हर बार आगजनी में भारी नुकसान उठाना पड़ता है। इस बार भी फायर ब्रिगेड सारंगपुर से दो घंटे देरी से पहुंची, लेकिन तब तक आग अपना काम कर चुकी थी।

# जल ही जीवन है, इसका संरक्षण करें -बघेल

**बाग।** शासन के निर्देशानुसार नया सत्र 2025-26 प्रारंभ हो चुका है।इसके तहत सी.एम.राईज विद्यालय बाग में समर कैंप का आयोजन हो रहा है।समर कैंप में विद्यार्थियों को प्रथम दिवस 22 अप्रैल को जल गंगा संरक्षण एवं संरक्षण पर शपथ दिलवाई गई।

समर कैंप में विद्यार्थियों मस्ती की पाठशाला में आनंद ले रहे हैं जिसमें चित्रकला , ध्यान, खेलकूद गतिविधियां, योगाभ्यास कर उन्हें नैतिक कहानियां सुनाई जा रही है। साथ ही जल संरक्षण एवं विश्व पृथ्वी दिवस पर ड्राइंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें समस्त उपस्थित बच्चों ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। रांगोली प्रतियोगिता,भाषण एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन में बच्चों ने बढ चढकर हिस्सा लिया साथ ही खेलकूद गतिविधियां भी प्रतिदिन प्रातः आयोजित हो रही है। संस्था प्राचार्य डी.एस.बघेल ने बताया कि विद्यार्थियों में कौशल विकास एवं



उनमें छुपी प्रतिभा को निखारने के लिए समर केंप का आयोजन किया जा रहा है। केंप के अंतिम दिवस समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पारितोषिक वितरण किया जाएगा। ग्रीष्म कालीन शिविर (समर कैंप) आयोजन 22 अप्रेल से 30 अप्रेल तक रहेगा। समर कैंप की गतिविधियों को संपन्न करने में नोडल अधिकारी लक्ष्मीनारायण पंवार, श्री मति प्रतिभा उपाध्याय,केंप संचालन राजेन्द्र सिंह झाला,श्री मति राधा शर्मा, नीतू यादव, प्रताप सिंह सोलंकी के साथ ही ममता बघेल,रीनू रावत, मीना मुजाल्दा,विद्या पंवार,आरती राठौड़,सरम सिंह चौहान, दिनेश अजनारे , भाव सिंह मुजाल्दा,सुमित्रा सोलंकी,आदि का भी विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# प्राचिन कुएं-बावड़ियों व घाटों को पुनर्जीवित करने की ली शपथ

**अमझेरा (विक्रमसिंह राठौर)।** प्रदेष स्तर पर चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बुधवार को धार कलेक्टर डॉ.प्रियंक मिश्र सहीत सरदारपुर एसडीएम आषा परमार व अन्य प्रषासनिक अधिकारीयों ने के द्वारा अभियान के द्वितीय चरण की शुरूआत करते हुए अमझेरा तालाब को स्वच्छ करने मुंहीम की शुरूआत की गई जिसके तहत सरदारपुर सीईओ मलखानसिंह कुषवाह,तहसीलदार मुकेष बामनिया, अमझेरा थाना प्रभारी डॉ.आयुष जाखड़, जनपद सदस्य नेहा दीक्षित,सरपंच मुनबाई मकवाना,उप सरपंच अर्जुनसिंह मोहनिया,सचिव गोपाल कुमावत,डॉ.सुषांतसिंह बहादुर सहीत स्थानिय जनप्रतिनिधि शुभम दीक्षित,षिवा मकवाना,रवि पाठक,भगवानदास खंडेलवाल,



मुरली कुषवा, षौकत पटेल,कमल पाटीदार, स्कुली षिक्षक अजय शर्मा, खालीद कुरेषी आदि अन्य कर्मचारीयों के द्वारा तालाब के घाट पर मानव श्रृखंला बनाकर तालाब के कुड़े कचरे को तगारीयों में भरकर श्रमदान दिया गया एवं प्राचिन कुँए बावड़ीयों व घाटो को पुर्नजीवीत करने की शपथ भी ली। धार कलेक्टर के द्वारा तालाब पर अभियान की शुरूआत करने के पष्चात उसके पास ही झिरन्यावाले हनुमान मंदिर की झिरी व प्राचिन रत्नेष्वर महादेव मंदिर की बावड़ी का निरीक्षण किया तथा बताया के बावड़ी व मंदिर दोनो की प्राचिन है जिसकी मरम्मत के लिए राषी की कमी नहीं आने दी जावेगी एवं बताया कि अमझेरा एक बड़ा कस्बा है जो कि एतिहासिक ओर धार्मिक नगरी है । जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वो सभी कार्य यहॉ किये जावेगे जिससे यहॉ के पुरानी जलसंरचनाओं नवजीवन मिल सके एवं उनके द्वारा ग्रामीणजनों से ग्राम को स्वच्छ बनाये रखने की अपील भी गई इसके साथ ही उन्होने बताया यहॉ प्रतिस्पर्धा तो बहुत है लेकिन वह सकारात्मक है।

# मां की पुण्यतिथि पर जोशी परिवार ने 400 गरीबों को परोसा भोजन

**धार।** प्रतिष्ठित होटल एवं कृषि दवाई विक्रेता, एवं रोटरी क्लब धार के पुर्व अध्यक्ष रमेश जोशी ने अपनी पूज्यनीय माता संसर बाई देवाराम जोशी की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर भाई प्रकाश ,भवानी व ईश्वर जोशी, बहु नीता,ज्योति ,अनिता, नेहा जोशी ,पोते गौरव जोशी एवं परिवार सदस्यों द्वारा दीनदयाल रसोई केंद्र धार में भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया । इस अवसर पर लगभग 400 गरीब और जरूरतमंद लोगों को प्रातः 11 से 3 बजे तक विशेष भोजन कराया गया।

भोजन में श्रीखंड, पूरी, दाल, चावल, सब्जी और नमकीन सहित संपूर्ण भोजन प्रेमपूर्वक परोसा गया। जोशी परिवार के





सदस्यों द्वारा भोजन पुर्व अपनी माता जी की फोटो पर धुप दीप भोग लगाया एवं उन्हें पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं उनकी स्मृति में यह पुण्य कार्य संपन्न किया गया। रसोई संचालक हेमा जोशी ने बताया कि रमेश जोशी एवं परिवार द्वारा वर्ष में तीन चार आयोजन दीनदयाल रसोई में करवाए जाते हैं जो उनकी समाज के प्रति उनकी निष्ठा गरीबों के प्रति संवेदनाएं दर्शाती है। परिवार के इस पुण्य कार्य पर हार्दिक साधुवाद दिया और बताया कि उनके ऐसे आयोजन जरूरतमंद लोगों के लिए बड़ी राहत और खुशियां देती हे। इस अवसर पर परिवार के सदस्य नारायण कुबेर जोशी, जगदीश जोशी भगवती शंकर जोशी, जतिन जोशी एवं समाजसेवी महेश महेश्वरी आदि उपस्थित रहे।





# पहलगांव आतंकी हमला : उठे विरोध के स्वर, वकीलों ने सौंपा ज्ञापन, आज जन अक्रोश रैली के साथ पुतला दहन

## अभिभाषक संघ के सभी सदस्य न्यायालयीन कार्य से रहे विरक्त दी मृतकों को श्रृद्धांजलि

**जावरा।** जम्मु कश्मीर के पहलगांव में पर्यटकों पर आंतकवादियों किए गए कायराना हमले के विरोध में पुरा देश एक जूट हो गया हैं। जगह जगह हमले के विरोध में प्रदर्शन हो रहे हैं, ज्ञापन दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को जावरा के अभिभाषक संघ ने प्रदर्शन किया। वहीं गुरुवार को सर्व हिन्दु समाज द्वारा जन आक्रोश रैली का आयोजन किया जाएगा। साथ ही आतंकवाद का पुतला दहन भी होगा।

पहलगांव आंतकी हमले के विरोध में बुधवार को शहर के अभिभाषक संघ के सभी सदस्य न्यायालयीन कार्य से विरक्त रहे और मृतको को श्रृद्धांजलि अर्पित करने शोक सभा का आयोजन किया। वहीं दोपहर करीब 2 बजे राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी त्रिलोचन गौड़ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आतंकवादियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा मृतकों को न्याय दिलाने की मांग की गई हैं। इस दौरान संघ अध्यक्ष दिनेश चौहान, उपाध्यक्ष जयन्त व्यास, सचिव भारत सैनी, लाइब्रेरियन सचिव चरणसिंह सोनगरा, वरुण श्रोत्रिय, नरेन्द्र पंडित, तन्मय सोनी, विनोद बघेरवाल, रमेश सोलंकी, पिंकेश पालीवाल, धर्मेंद्र सिसौदिया, पुखराज सोनगरा, असलम खान, शफात रसूल, राशिद, बाबूलाल सेकवड़िया, अश्विन पालीवाल, मनीष सुराणा, अंकित शर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में अभिभाषक उपस्थित रहे।

### विद्यार्थी परिषद ने घंटाघर पर फुंका पूतला

आतंकी हमले के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बुधवार की शाम को शहर के घटाघर चौराहे पर आतंकवाद के पुतले का दहन किया। इस दौरान अभाविप रतलाम जिला संयोजक सत्यम दवे, जावरा नगर मंत्री लवीश चौरड़िया के साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान परिषद पदाधिकारियों ने जमकर नारेबाजी भी की।

### जन आक्रोश रैली व पूतला दहन आज

सर्व हिन्दु समाज ने सोश्यल मीडिया के माध्यम से आम जनता से अपील की है कि पहलगांव आतंकी हमले के विरोध में 24 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक अपना व्यापार व्यवसाय बंद रखकर, आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष हिंन्दुओं को श्रृद्धांजलि देने शहर के घंटाघर चौराहे पर पंहुचे। सर्व हिन्दु समाज ने सुबह 10 बजे पूल बाजार स्थित श्री जागनाथ महादेव मंदिर पर आम जनता से एकत्रित होने का अनुरोध किया हैं। एकत्रिकरण के बाद जन आक्रोश रैली निकाली जाएगी जो घंटाघर पर पहुंचेगी, जहां आतंकवाद का पुतला दहन किया जाएगा। साथ ही राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा जाएगा। सर्व हिन्दु समाज ने घटना के विरोध में अधिक से अधिक की संख्या में एकत्रित होकर हिन्दु एकता का परिचय देने की अपील की हैं।

# आक्रोश : पहलगाम में हुए आतंकी हमले से हर तरफ आक्रोश की चिंगारी

### कड़ी कार्यवाही की मांग, जताया शोक

**बड़ावदा।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए भारतीय पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की नगर के नागरिकों ने कड़ी निन्दा की हैं। हर कोई पहलगाम की इस घटना से आहत होकर केन्द्र सरकार से आतंकियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग कर रहा है। सोशल मीडिया पर भी लोग इस घटना पर शोक जता रहे है। कांग्रेस ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के खंड कार्यवाहक नेपालसिंह डोडिया ने कहा कि आतंकी हमले की यह घटना घोर निंदनीय है। समग्र हिन्दू समाज आज जावरा में 11 बजे तक व्यापार व्यवसाय बंद रख कर विरोध प्रदर्शन करेगा। घंटाघर चौराहे पर पुतला दहन किया जाएगा। हिन्दू समाज एकता का परिचय देकर केन्द्र सरकार से इस घटना के दोषियों को सजा देने की मांग करेगा। समाजसेवी अभिषेक अवस्थी ने बताया कि आतंकवादियों ने जिस तरह से धर्म के आधार पर इस घटना को अंजाम दिया वह सोची समझी साजिश है। सरकार को कड़ा एक्शन लेना चाहिए। जनपद सदस्य दुर्गालाल अटोलिया ने भी इस आतंकी हमले पर नाराजगी जताई है। आपने कहा कि पाकिस्तान की शह पर इस तरह की घटना घटित हुई हैं। हिन्दू महासंघ के संभाग प्रभारी सुरेश प्रजापत ने बताया कि अपने को को खोने का गम हर भारतीय को है। हिन्दू महासंघ प्रधानमंत्री से मांग करता है कि इस आतंकी हमले के पीछे किसकी साजिश है जांच करे एवं गुनेहगारों को कठोर से कठोर सजा दे उन्हें बक्शा नहीं जाय। सरपंच संतोष कुमार ने कहा कांग्रेस अभी भी इस विषय पर राजनीति कर रही है जबकि यह राजनीति का विषय नहीं, हिंदू धर्म के प्रति हीन भावना का विषय हैं। धर्म पूछ कर गोली मारना थोड़ा अजीब लगता हैं। जो लोग इस मामले पर राजनीति कर रहे हैं। उन्हें संकीर्ण मानसिकता से ऊपर उठकर थोड़ा गहरे चिंतन कर शहीदों के प्रति सदभावना रखनी चाहिए। जिला महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष पदमा हिंगड ने कहा यह घटना बहुत गंभीर हैं। पूरी कांग्रेस पार्टी इसके न्याय के लिए भारत सरकार के साथ खड़ी रहेगी और जो भी इसके पीछे हैं और ये जो भी आतंकी नफरत फैलाने का काम कर रही हैं। इसका पर्दाफाश करने की कोशिश करेंगे। सरकार एक तरफ बोल रही हैं कि देश सुरक्षित हैं तो फिर ये आतंकी हमले कैसे हो रहे। इसका जवाब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को देना होगा। पहले फुलवामा अब ये पहलगाम की घटना बता रहीं हैं कि देश सुरक्षित नहीं है। सर्जिकल स्ट्राइक कर सकते हो पर जो देश में बैठे आतंकी हैं उनको कौन ढूंढेगा।



# माऊखेड़ी से पिपलिया पहुंचा 7 साल का राजेश, पुलिस ने परिवार को सौंपा

**सुखेडा।** बुधवार को दोपहर दो बजे सुखेडा पुलिस को सूचना मिली कि एक बालक पिपलिया गांव के आसपास रो रहा हैं। जिस पर सुखेड़ा पुलिस चौकी पर पदस्थ आरक्षक राजेश पटेल, जितेन्द्र माली पिपलिया गांव पहुंच कर बच्चे को पुलिस चौकी लेकर आए। पुछने पर बच्चा अपना नाम व पता नहीं बता पा रहा था। पुलिस ने बच्चे को फोटो सोश्यल मीडिया पर वायरल किया। जिसके चलते बच्चे पिता की माऊखेड़ी में होने की सूचना मिली। पुलिस ने माऊखेड़ी चोकीदार को सूचना दी। तो यह बात सामने आई कि बच्चा चौकीदार के घर ही अपने परिवार के साथ शादी में आया था। जिस पर पुलिस बच्चे को लेकर माऊखेड़ी पहुंची और उसे परिजनों के सुर्पूद किया। बच्चे के पिता मुकेश ने बताया कि वे पटेला थाना दलौदा के निवासी हैं। बच्चे का नाम राजेश हैं, जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं हैं। खेलते खेलते वह माऊखेड़ी से पिपलिया की और चला गया था। जिसकी तलाश वे गांव में कर रहे थे।

# साधु के भेष में ठगी करने वाले पुलिस गिरफ्त में

## चेन को डबल करने का लालच देकर ठगी

**सुखेड़ा।** बुधवार को सुखेडा से चार किलोमीटर दूर गांव धतुरिया में साधु-संतों के भेष में ठगी करने का मामला सामने आया हैं।

धतुरिया निवासी दीनदयाल पिता बाबूलाल (23) के साथ 21 अप्रेल सोमवार को दोपहर एक बजे छातला गांव के रोड़ पर स्थित खेत पर इन नकली साधु द्वारा ठकी करते हुए गले में पहन रखी दस ग्राम की चैन यह कहकर उतरवाई की आप के इस चैन को डबल कर देंगे व आपकी जो भी समस्या हैं उनका समाधान हो जाएगा व आपका बड़ा भाई राकेश जो बोलता नहीं वह भी बोलने लगेगा। यह कहकर चैन एक पुड़िया में बांध कर मुझे यह कहकर की इस पुड़िया को अपने घर पर खोलना, पुड़िया में आपकी बींस ग्राम की चैन के साथ भभुत रहेगी, जिसे अपने भाई को खिला देना। यह कहकर दोनो चलें गये, जब घर जाकर पुड़िया को खोलकर देखा तो पुड़िया में केवल भभूत निकली, चैन नहीं मिलीं।

### खेत पर पुनः पहुंचे, तो ग्रामीणों ने पकड़ा




चेन की ठगी करने के बाद बुधवार को सुबह 11 बजे दोनो धोखे बाज साधू मेरे खेत पर आएं जब मेने उनसे मेरी चैन मांगी तो उन्होंने देने से मना कर दिया। जिस पर मेने मेरे पिता बाबूलाल व आसपास गांव के लोगों को बुलाया, जिस पर दोनो साधु मोटर साइकिल से फरार हो गए। सुचना गांव में पहुंची तो ग्रामीणों ने गांव के प्रतिक्षालय के पास से इन दोनो ठगों को पकड़ लिया और सुखेड़ा पुलिस चौकी पर सूचना दी। सुचना पर आरक्षक जितेन्द्र माली व सैनिक कृष्णदास मौके पर पहुंचे और दोनो लेकर चौकी पहुंचे। जहां दीनदयाल की रिपोर्ट पर चौकी प्रभारी पंकज राजपूत ने आरोपी गणेशनाथ पिता नागनाथ निवासी मोयणा जिला राजसमंद (राज), रामनाथ पिता भारतनाथ निवासी कोट जिला भीलवाड़ा (राज)पर बीएनएस की धारा 316 (2) के तहत प्रकरण दर्ज कर दोनो को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10 ग्राम सोने की चैन जप्ती में लेकर उसके मालिक को सौंपा।



# प्याज की फसल निकालने में जुटे किसान, नहीं मिल रहा उचित दाम

**पिपलोदा।** तहसील के आम्बा, शेरपुर, मचून, बड़ोदा, कमलाखेडा, पिपलोदा, पंचेवा, गणेशगंज, राकोदा, बडायला माताजी, धामेडी आदि गांवो के किसान प्याज की कटाई में जुट गये हैं। तेज गर्मी में किसान लगातार खेतों में काम कर प्याज की फसल निकाल रहे हैं।

धामेडी के युवा किसान दिलीप पाटीदार ने बताया की इस बार प्याज का औसत उत्पादन 30 क्विंटल से 70 क्विंटल प्रति बिघा आ रहा हैं। गत वर्ष से इस बार रकबा डेढ गुना बढ़ा हैं। परंतु पानी की कमी इस वर्ष उत्पादन कम आ रहा हैं। किसान को एक बिघा की कटाई में 6 हजार से 7 हजार रूपय का खर्चों आ रहा हैं। भाव की बात करें तो दो रूपये से लेकर दस रुपये प्रति किलो के मान से मंडियों में तिन से चार दिनों में बिक रहा हे। किसानों को इस भाव से लागत भी नहीं निकल रही हे। जब की गत वर्ष प्याज 10 से लेकर 15 रूपया किलो बिक रहा था। जब की प्याज 15 रुपये किलो से ऊपर बिकने पर ही किसानों को अपनी लागत के साथ मुनाफा होता हैं। दस रूपये किलो बिकने पर लागत तक के बराबर भी किसानों को नहीं लाभ तक नहीं मिलता। सरकारी एंजेसी नेफेट भी किसान से नाम मात्र प्याज खरीदी कर व्यापारियों से ज्यादा खरीदती हैं। नेफेट भी खरीदी देर से चालु करती हैं। परंतु किसानो की प्याज की फसल 15 अप्रेल से चालू हो जाती हैं।

### बांछड़ा डेरो में फिर युवती पर चाकू से हमला

**ढोढर।** पुलिस कितनी ही सख्ती कर ले लेकिन बाछड़ा डरों में आए दिन विवाद और चाकू बाजी की घटनाएं होना आम बात हो गई हैं। मंगलवार रात को ढोढर बाछड़ा डेरो में घर के बाहर दुकान पर बैठी युवती से एक ट्रक चालक ने सामान लिया और उससे बीयर की मांग की मना करने पर गाली गलोच कर चाकू से हमला कर दिया और फरार हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मंगलवार की रात्रि को ढोढर बांछड़ा डेरो में काजल पिता राजेश चौहान (26) घर के बाहर अपनी दुकान पर अकेली बैठी थी। उसका भाई किसी काम से घर के अंदर गया था। तभी जावरा तरफ जा रहा ट्रक ड्राइवर ट्रक खड़ी कर आया और सामान लेकर पैसे उसके खाते में डाले। जिसके बाद उसने युवती से बियर मांगी तो युवती ने मना कर दिया। जिस पर उसके द्वारा गाली गलोच करने लगा मना करने पर उसने अपनी जेब से चाकू निकाला और वार कर दिया।

# मुंबई इंडियंस ने लगातार चौथा मैच जीता

## हैदराबाद को 7 विकेट से हराया, पॉइंट्स टेबल के टॉप-3 में पहुंचे ; बोल्ट को 4 विकेट




**हैदराबाद (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस ने IPL के 18वें सीजन में लगातार चौथा मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल के टॉप-3 में एंट्री कर ली है। टीम ने सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से हराया। MI के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने लगातार दूसरे मैच में फिफ्टी लगाई।

ट्रेंट बोल्ट ने 4 विकेट लिए। हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में मुंबई ने बॉलिंग चुनी। स्क्र्रा ने 35 रन के अंदर 5 विकेट गंवा दिए। यहां से हेनरिक क्लासन और अभिनव मनोहर ने 99 रन की पार्टनरशिप की और टीम को 143 तक पहुंचाया। मुंबई ने 3 विकेट खोकर 16वें ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया। 16वें ओवर की चौथी बॉल पर सूर्यकुमार यादव ने जीशान अंसारी के खिलाफ चौका लगाया। इसी के साथ मुंबई ने हैदराबाद को 7 विकेट से हरा दिया। सूर्या ने 19 गेंद पर 40 रन बनाए। उनके साथ तिलक वर्मा भी नॉटआउट रहे। मुंबई ने 15वें ओवर में तीसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की चौथी बॉल ईशान मलिंगा ने यॉर्कर फेंकी, रोहित शर्मा मिड विकेट पर कैच हो गए। उन्होंने 70 रन बनाए। 11वें ओवर में मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने फिफ्टी लगा दी। उन्होंने ओवर की तीसरी गेंद पर पैट कमिंस के खिलाफ सिंगल लिया और सीजन में लगातार दूसरी हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। रोहित ने पिछले मैच में चेन्नई के खिलाफ भी फिफ्टी लगाई थी। 10वें ओवर में मुंबई ने दूसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की दूसरी बॉल जीशान अंसारी ने फुल लेंथ पर गूगली फेंकी। विल जैक्स बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन लॉन्ग ऑन पर कैच हो गए। जैक्स ने 19 गेंद पर 22 रन बनाए। 144 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस ने पावरप्ले में 1 विकेट गंवाया। टीम ने शुरुआती 6 ओवर में 56 रन भी बना लिए।

मुंबई इंडियंस ने दूसरे ओवर में पहला विकेट गंवा दिया। जयदेव उनादकट ने ओवर की चौथी बॉल गुड लेंथ पर आउट स्विंगर फेंकी। रिकेलटन डिफेंस करने गए, लेकिन उनादकट ने एक हाथ से बेहतरीन कैच पकड़ लिया। रिकेलटन ने 11 रन बनाए। मुंबई इंडियंस से रायन रिकेलटन और रोहित शर्मा ओपनिंग करने उतरे। टीम ने पहले ओवर में 8 रन बनाए। हैदराबाद से पैट कमिंस ने गेंदबाजी की शुरुआत की।

## राहुल ने जीत के बाद अपने संदेश से पूरानी टीम के मालिकों को जवाब दिया

लखनऊ (ई)। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेल रहे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अर्धशतक लगाने के बाद सोशल मीडिया पर अपनी एक पोस्ट से पुरानी टीम के मालिकों को करारा जवाव दिया है। राहुल पिछले सत्र में सुपर जायंट्स के कप्तान थे पर उन्हें टीम ने रिटेन नहीं किया था। वहीं अब दिल्ली कैपिटल्स की ओर से राहुल ने 42 गेंदों में नाबाद 57 रन बनाये। जीत दर्ज करने के बाद राहुल ने सोशल मीडिया पर एक रहस्यमय संदेश साझा किया। इसमें राहुल ने लिखा, लखनऊ में वापस आना हमेशा अच्छा लगता है। राहुल के साथ पिछले सत्र में टीम मालिक संजीव गोयनका के मतभेद हो गये थे। जिसके कारण उन्हें टीम छोड़नी पड़ी थी इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर विरोध टीम को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सुपर जायंट्स की टीम संभल नहीं पायी और 6 विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी। एडेन मारक्रम ने 52 रनों की पारी खेली जबकि मिचेल मार्श ने 45 रन बनाए। इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स ने 17.5 ओवर में 2 विकेट खोकर 161 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। अभिषेक पोरेल ने 36 गेंदों में 51, करुण नायर ने 9 गेंदों में 15, केएल राहुल ने 57 और अक्षर पटेल ने 20 गेंदों में 34 रन बनाए।

## 24 अप्रैल, सचिन तेंदुलकर के जन्मदिन पर स्पेशल फीचर

क्रिकेट इतिहास का सर्वप्रथम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच 1971 में आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेला गया था। उसके बाद 39 वर्षों के लंबे इंतजार के पश्चात एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का पहला दोहरा शतक क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने लगाया था। उससे पहले 1997 में जब पाकिस्तान के सईद अनवर ने भारत के खिलाफ 194 रन बनाए थे तो लग रहा था वे वनडे क्रिकेट का पहला दोहरा शतक लगा लेंगे, लेकिन उसी स्कोर पर वे आउट हो गए थे। जिस प्रकार मुंबई के ही महान बल्लेबाज और भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने दुनिया के पहले बल्लेबाज के रूप में टेस्ट क्रिकेट में दस हजार रन बनाकर इतिहास रच दिया था, उसी प्रकार सचिन तेंदुलकर ने वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का पहला दोहरा शतक लगाते हुए विश्व क्रिकेट में अपना लोहा मनवा लिया था। वह मैच 24 फरवरी 2010 को खेला गया था। तेंदुलकर ने ग्वालियर के कैप्टन रुप सिंह स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के दूसरे मैच में 200 रन बनाकर नाबाद रहे थे। उन्होंने ओपनिंग करते हुए 147 गेंदो में 25 चौके और तीन छक्के लगाकर वनडे क्रिकेट का एतिहासिक दोहरा शतक लगा दिया था। भारत ने तीन विकेट पर 401 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था। तेंदुलकर के साथ कप्तान महेंद्र सिंह धोनी विस्फोटक 68 रन बनाकर नाबाद थे। दिनेश कार्तिक 79, और युसूफ पठान ने ताबड़तोड़ 36 रनों की पारी खेली थी। वीरेंद्र सहवाग मात्र 9 रन बनाकर पहले विकेट के रूप में आउट हुए थे लेकिन उसके बाद तेंदुलकर के आगे डेल स्टेन, वेन पर्नेल और जैक कैलिस के जैसे दिग्गज गेंदबाजों की एक न चली थी। उस मैच में भारत ने विपक्षी को 153 रनों से हरा कर श्रृंखला अपने नाम किया था। उस मैच में भारत के कप्तान धोनी और दक्षिण अफ्रीका के कप्तान जैक कैलिस थे।

**अनित कुमार राय टिंकू, बाघमारा, धनबाद।**

## इंदौर बना ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में विजेता

**इन्दौर (इ)।** चौथी जिला स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में इंदौर जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 228 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं खंडवा द्वितीय स्थान पर व धार तृतीय स्थान पर रहा। खरगोन में संपन्न इस स्पर्धा में भाग लेने वाली इन्दौर जिले की टीम के कोच तपन यादव, दीपशिखा वर्मा, अंशु आर्य व लव भदोरिया थे। उपलब्धि पर इंदौर ताइक्कांडो डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत महंत, सचिव विकास सिमरैया व सभी पदाधिकारी ने टीम को बधाई शुभकामनाएं दी हैं।

## विश्व टेबल टेनिस दिवस मनाया गया

**इन्दौर।** मध्य प्रदेष टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में आज (23 अप्रैल) को विष्व टेबल टेनिस दिवस टेबल टेनिस प्रेमियों एवं खिलाड़ियों की उपस्थिति में मनाया गया। शहर की प्रसिद्ध 56 दुकान पर आयोजित समारोह में 1000 से ज्यादा टेबल टेनिस प्रेमियों ने भाग लिया। 56 दुकान परिसर में टेबल टेनिस खेलने के साथ ही मिनी टेबल का प्रदर्षन भी किया गया। टेबल टेनिस प्रेमियों ने देर रात तक टेबल टेनिस खेल का लुफ्त उठाया। सभी उम्र के टेबल टेनिस प्रेमियों ने विष्व टेबल टेनिस दिवस पर आयोजित अन्य गतिविधियों में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर म.प्र. ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी, जयेष आचार्य, प्रमोद सोनी रिंकु आचार्य, नीलेष वेद, गौरव पटेल, प्रतीक जैन, अजय राजपूत, मोहन अग्रवाल तथा आनंद अग्रवाल विषेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान पहलगाम में आंतकी हमले के दौरान मारे गये लोगो के प्रति श्रंद्धाजली अर्पित करते हुये दो मिनिट का मौन रखा गया।

### शशांक अत्तार्डेचा शेवटच्या चेंडूवर षटकार ; पारसी जिमखाना संघावर 2 विकेट राखून विजय

## एमसीए कोल्ट्सने जिंकली आर.एफ.एस. तल्यारखान स्मृती टी-20 स्पर्धा




**मुंबई।** एमसीए कोल्ट्स संघाने आर.एफ.एस. तल्यारखान स्मृती निमंत्रित टी-20 स्पर्धेचे विजेतेपद पटकावले. चुरशीच्या अंतिम फेरीत त्यांनी पारसी जिमखाना संघावर 2 विकेट राखून विजय मिळवला. एमसीए कोल्ट्सच्या शशांक अत्तार्डेने पारसी जिमखानाचा कर्णधार आणि डावखुरा फिरकीपटू शम्स मुलानीला शेवटच्या चेंडूवर षटकार मारून जेतेपदावर शिक्कामोर्तब केले.175 धावांच्या आव्हानाचा लक्ष्याचा पाठलाग करताना सिल्वेस्टर डिसोझा, झैद पाटणकर आणि आयुष वर्तकच्या (प्रत्येकी 2 विकेट) प्रभावी गोलंदाजीच्या जोरावर एमसीए कोल्ट्सचा निम्मा संघ 90 धावांमध्ये माघारी परतला. सिद्धार्थ आक्रे (35 धावा) आणि अथर्व अंकोलेकरने (31 धावा) सहाव्या विकेटसाठी 39 धावांची भागीदारी करून आव्हान कायम ठेवले. त्यानंतर अंकोलेकर आणि शशांक अत्तर्डेने (नाबाद 25 धावा) आठव्या विकेटसाठी 32 धावा जोडताना संघात विजयासमीप आणले. शेवटच्या तीन षटकांमध्ये 30 धावांची गरज असताना अत्तर्डेने फटकेबाजी करताना सामना एमसीए कोल्ट्सच्या बाजूने झुकविला. तत्पूर्वी, प्रथम फलंदाजी करताना पारसी जिमखाना संघाने 20 षटकांत 7 बाद 174 धावा केल्या. त्यात कर्णधार शम्स मुलानीसह (38 धावा), इशान मुलचंदानी (31 धावा) तसेच विक्रांत औटी आणि सागर छाब्राचे (प्रत्येकी 26 धावा) सर्वाधिक योगदान राहिले. एमसीए कोल्ट्सकडून सोहन सबनीस (2/26) सर्वात यशस्वी गोलंदाज ठरला.

**संक्षिप्त धावफलकः-** पारसी जिमखाना - 20 षटकांत 7 बाद 174 (शम्स मुलाणी 38, इशान मुलचंदानी 31, विक्रांत औटी 26, सागर छाब्रा 26, सोहन सबनीस 26) वि. एमसीए कोल्ट्स - 20 षटकांत 8 बाद 179(सिद्धार्थ आक्रे 35, अथर्व अंकोलेकर 31, जय जैन 26, शशांक अत्तर्डे नाबाद 25, सिल्वेस्टर डिसोझा 2/39, झैद पाटणकर 2/20, आयुष वर्तक 2/39). निकालः- एमसीए कोल्ट्स 2 विकेट राखून विजयी.

## राठौर स्मृति पावर लिफ्टिंग स्पर्धा 27 को, चुनीं जाएगी प्रदेश टीम


**इन्दौर (ई)** स्थानीय नेहरू स्टेडियम के बॉक्सिंग रिंग में रविवार 27 अप्रैल को पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन ऑफ एम पी द्वारा अजय राठौर, अजीत सिंह राठौर व जीत सिंह राठौड़ की स्मृति में पावर लिफ्टिंग, बेंच प्रेस, डेडलिफ्ट चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस स्पर्धा में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर मध्य प्रदेश टीम हेतु खिलाड़ी चुने जाएंगे जो 12 से 15 जून तक रायपुर में होने वाली वेस्टर्न इंडिया प्रतियोगिता में म.प्र. टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे । स्पर्धा में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी मोहन सिंह राठौर, रितेश वीरांग, कैलाश सुरागे, मनप्रीत सिंह, जयेश वर्मा, सुरेश शर्मा, से संपर्क कर सकते है

## फिटनेस कोच ईशान मेहरा को डेट कर रही हैं शाहीन भट्ट



एक्ट्रेस आलिया भट्ट की बहन शाहीन भट्ट अपने फिटनेस कोच ईशान मेहरा को डेट कर रही हैं। शाहीन भट्ट ने आखिरकार रुमर्ड बॉयफ्रेंड संग अपने रिलेशनशिप को कंफर्म कर दिया है। एडवोकेट शाहीन ने सोशल मीडिया पर अपने पार्टनर के साथ अपनी प्यारी तस्वीरें पोस्ट करके साल की शुरुआत से चल रही अफेयर की अफवाहों को खत्म कर दिया। इंस्टाग्राम बायो के अनुसार ईशान मेहरा एक फिटनेस प्रोफेशनल होने के अलावा फॉर्मर इंटरनेशनल स्वीमर भी हैं। जब शाहीन को इस साल की शुरुआत में नए साल की छुट्टियों के दौरान एक ईशान के साथ देखा गया तो उनके अफेयर की खबरें तेजी से फैलने लगीं। भट्ट और कपूर परिवार ने थाईलैंड में एक साथ न्यू ईयर मनाया, जिसके बाद शाहीन ने छुट्टियों की कई तस्वीरें पोस्ट कीं। उनमें से एक तस्वीर ने सबका ध्यान खींचा जिसमें वह किसी सी गले मिल रही हैं। लेकिन उस इंसान का चेहरा तब नहीं दिख रहा था। अब बता चला है कि वह इंसान ईशान मेहरा हैं।

## केसरी चैप्टर 2 में आर. माधवन और अक्षय को मिल रही सराहना




बालीवुड फिल्म केसरी चैप्टर 2 में आर. माधवन और अक्षय कुमार की अदाकारी को आलोचकों और दर्शकों दोनों से जबरदस्त सराहना मिल रही है। अभिनेत्री अनन्या पांडे के साथ एक सशक्त कलाकार दल में शामिल होकर, यह फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद के तनावपूर्ण दौर को बखूबी उकेरती है, लेकिन विशेष ध्यान खींच रही है आर माधवन की परतदार और जटिल खलनायक 'नेविल मैककिनली' की भूमिका। हाल ही में जारी किए गए बिहाइंड-द-सीन्स वीडियो में निर्देशक करन सिंह त्यागी और निर्माता करण जौहर माधवन के इस रूपांतरण को पर्दे के पीछे से दिखाते हैं। निर्माता करण जौहर ने कहा, जब नेविल का किरदार लिखा गया था, तो हमें एक सशक्त अभिनेता, एक दमदार खलनायक चाहिए था जो नायक को चुनौती दे सके और हम सभी जानते हैं कि मैडी माधवन एक बेहद शानदार कलाकार हैं।निर्देशक करण सिंह त्यागी सेट पर मैडी की पहले दिन की उपस्थिति के बारे में बात करते हुए याद करते हैं, वह एक बाघ की तरह चल रहे थे सोशल मीडिया पर साझा किए गए बीटीएस वीडियो का कैप्शन है, हर नजर, हर चुप्पी, हर फ़ैसला - एक छाप छोड़ने के लिए गढ़ा गया है, यहां एक झलक है कि कैसे नेविल मैककिनले, डर का चेहरा, बनाया गया था। आर. माधवन का नेविल मैककिनली पारंपरिक खलनायक नहीं है। ब्रिटिश शिक्षा प्राप्त एक भारतीय वकील, जो उपनिवेशवाद की नैतिक अराजकता में फंसा हुआ है, मैककिनली एक ओर ब्रिटिश राजभक्ति की कसमें खाता है, तो दूसरी ओर उसकी क्रूरता को देखकर उसका विवेक जाग उठता है।

## प्रेम त्रिकोण या प्यार का टकराव- 'मेरे हस्बैंड की बीवी'



एक मंगेतर, एक भूलने की बीमारी वाली एक्स-वाइफ और एक परेशान मर्द जो दो नाराज़ औरतों के बीच फंस जाता है। मेरे हस्बैुंड की बीवी एक मजेदार रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जो जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है। इसमें एक आदमी की जिंदगी में उलझन, हंसी और ड्रामा सब कुछ है। कहानी में गलत जगह रखी अंगूठियां, भूलने की बीमारी और ढेर सारी गलतफहमियां इस फिल्म को हंसी का रोलर कोस्टर बनाती हैं। वाशु भगनानी और पूजा फिल्म्स ने इसे बनाया है, और मुदस्सर अजीज़ इसके निर्देशक हैं। फिल्म में अर्जुन कपूर, भूमि पेडणेकर, रकुल प्रीत सिंह, हर्ष गुजराल, डिनो मोरिया और आदित्य सियाल जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म आपको हंसाएगी और भरपूर मनोरंजन करेगी। इस फिल्मग में अंकुर (अर्जुन) की कहानी दिखाई गई है, जो आखिरकार पुरानी जिन्दयगी से आजाद होकर अपनी कॉलेज क्रश अंतरा (रकुल प्रीत सिंह) को प्रपोज करना चाहता है। लेकिन उसकी एक्स,-वाइस प्रभलीन (भूमि पेडणेकर) उसकी जिन्दरगी में लौट आती है और उसे एम्नेरसिया है। वह अंकुर के साथ अपने रिश्तेय को दोबारा शुरू करने की कोशिश कर रही है।

## ज्वेल थीफ - द हीस्ट बिगिन्स का अनोखा प्रचार

मार्फ़्लिक्स पिक्चर्स सिद्धार्थ आनंद और ममता आनंद, नेटफ्लिक्स के साथ मिलकर अपनी अगली फिल्म ..वेल थीफ - द हीस्ट बिगिन्स. को सुपरहिट बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। और अब तक जो माहौल बन चुका है, वो वाकई चर्चा का विषय बन गया है। फरवरी में रिलीज़ हुए टीज़र ने दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी थी। इसके बाद फिल्म का गाना जादू रिलीज़ हुआ, जिसने देशभर के म्यूज़िक चार्ट्स में टॉप किया। इसके अलावा फिल्म का टाइटल ट्रैक .वेल थीफ और बहुप्रतीक्षित ट्रेलर ने दर्शकों की उम्मीदों को और भी बढ़ा दिया।25 अप्रैल को रिलीज़ होने जा रही .वेल थीफ 2025 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है - वजह है इसकी दमदार स्टारकास्टः- सैफ अली खान, जयदीप अहलावत, निकिता दत्ता और कुणाल के कपूर।




## बॉक्स ऑफिस पर दहाड़ रही विक्की कौशल की छावा



बालीवुड एक्टर विक्की कौशल की छावा अब भी बॉक्स ऑफिस पर दहाड़ मार रही है। छावा को थिएटर में रिलीज हुए 2 महीने बीत चुके हैं। इन 2 महीनों के बीच कई हिंदी और साउथ फिल्में रिलीज हुई लेकिन छावा का क्रेज अभी भी बरकरार है। विक्की कौशल की यह फिल्म दर्शकों को इतनी पसंद आ गई है कि ओटीटी पर रिलीज होने के बावजूद लोग थिएटर में देखना पसंद कर रहे हैं। विक्की कौशल की छावा ने अब 600 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है और ऐसा करने वाली छावा तीसरी भारतीय फिल्म बन गई है। इससे पहले पुष्पा 2 और स्त्री 2 ने हिंदी बेल्ट में इस आंकड़े को पार किया है। पुष्पा 2 ने हिंदी में 812.14 करोड़ रुपये और स्त्री 2 ने 627.50 करोड़ की कमाई की थी। इस तरह से छावा का कलेक्शन 600.01 करोड़ हो गया है जो मैडोक फिल्म्स ने शेयर किया है। इसीलिए ये आंकड़ा पार करने वाली छावा तीसरी भारतीय फिल्म और पहली नॉन सीक्वल बन गई है। बता दें कि विक्की कौशल की छावा पहली नॉन सीक्वल है जिसने बॉक्स ऑफिस पर हिंदी बेल्ट में ये आंकडा पार किया है। इससे पहले अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 और श्रद्धा कपूर की स्त्री 2 ऐसा कर चुकी हैं। हालांकि ये दोनों ही फिल्में सीक्वल हैं।

## सुपरस्टार प्रसेनजीत बनें प्रोड्यूसर

शो कभी नीम नीम कभी शहद शहद रिश्तों के खट्टे-मीठे एहसासों को बेहद खूबसूरती से दिखाने वाला है। इवेंट की खास बात रही शो की पूरी स्टारकास्ट की मौजूदगी, और सबसे यादा सुर्खियां बटोरी बंगाली फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार प्रोसेनजीत चटर्जी ने, जो इस शो के ज़रिए हिंदी टेलीविजन की दुनिया में बतौर प्रोड्यूसर कदम रख रहे हैं।प्रोसेनजीत चटर्जी, जिन्हें बंगाली सिनेमा का सुपरस्टार कहा जाता है, अब हिंदी दर्शकों के लिए भी कुछ खास लेकर आ रहे हैं। लॉन्च इवेंट में उन्होंने पूरे जोश के साथ अपनी टीम के साथ इस नए सफर की शुरुआत का जश्न मनाया।



## धोखे, हत्या और परिवार के गहरे राज़ की दिलचस्पन कहानी 'कुल'




एक बिखरा हुआ परिवार, टूटे रिश्ते और भ्रष्ट शासन, जियो हॉटस्टार बालाजी डिजिटल के साथ मिलकर अपना आगामी थ्रिलर कुल लेकर आ रहा है! आज इसका आधिकारिक टीज़र रिलीज कर दिया गया है जिसमें रायसिंह परिवार की अंधेरी और खतरनाक दुनिया की झलक देखने को मिली। इस सीरीज का प्रीमियर 2 मई 2025 को किया जाएगा। हत्या, पुरानी यादें और गहरे राज़ की एक झकझोर देने वाली कहानी दर्शकों को जरूर पसंद आएगी। यह एक गंभीर फैमिली ड्रामा है जिसमें एक ताकतवर सत्ता दिखाई गई जिसमें प्यार और बलिदान, झूठ और बदले के ताने-बाने बुने हुए हैं। निमृत कौर, अमोल पराशर, रिद्धि डोगरा, गौरव अरोड़ा, रोहित तिवारी और राहुल वोहरा अभिनीत इस दिलचस्प कहानी को एकता कपूर और शोभा कपूर ने तैयार किया है। इसका निर्देशन किया है साहिर रज़ा ने और निर्माता बालाजी डिजिटल हैं।

# नरवाई जलाने पर अर्थदण्ड

**शाजापुर।** नरवाई जलाने के संबंध में लोकहित, आम जनता की सुरक्षा, तथा कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत जिले की सीमा क्षेत्र में लगाए गए प्रतिबंधात्मक आदेश के पालन में नरवाई जलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही कर अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। उल्लेखनीय है कि शाजापुर जिले के अन्तर्गत रबी की फसल जैसे कि गेहूं फसल कटाई उपरान्त फसल अवशेषो को खेतो में जलाएं जाने से पर्यावरण जन स्वास्थ्य एवं जीव जन्तुओं को हानि होने की पूर्ण संभावना है, ऐसी स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए सामान्य जन की सुरक्षा, पर्यावरण, जन स्वास्थ्य एवं जीव जन्तुओं की सुरक्षा को खतरे आदि की संभावनाओं को नियंत्रित करने के लिये जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किया गया है। जिसके अनुसार दो एकड़ से कम भूमिधारित व्यक्ति/निकाय द्वारा अपने खेत/खेतो में फसल कटाई उपरान्त फसल अवशेषो (नरवाई) को जलाने पर 2 हजार 500 रूपये प्रति उल्लंघन पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि अधिरोपित कर वसूल करने, दो एकड़ या उससे अधिक व पांच एकड़ से कम भूमिधारित व्यक्ति/निकाय द्वारा अपने खेत/खेतो में फसल कटाई उपरान्त फसल अवशेषो (नरवाई) को जलाने पर 5 हजार रूपये प्रति उल्लंघन करने पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि अधिरोपित कर वसूल करने, पांच एकड़ या उससे अधिक के क्षेत्र में भूमिधारित व्यक्ति/निकाय द्वारा अपने खेत/खेतो मे फसल कटाई उपरान्त फसल अवशेषो (नरवाई) को जलाने पर 15 हजार रूपये प्रति उल्लंघन पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि अधिरोपित कर वसूल करने के आदेश दिए गए है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास उप संचालक श्री केएस यादव ने बताया कि आदेश के परिपालन में जिले में नरवाई जलाने के कुल 47 प्रकरणों में राजस्व विभाग द्वारा 26 प्रकरण में 97 हजार 500 रूपये का जुर्माना/अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। शेष प्रकरणो में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

# ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यो का निरीक्षण किया





**शाजापुर।** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यो का निरीक्षण किया। कलेक्टर सुश्री बाफना ने आज ग्राम लाहोरी, देवलाबिहार, कालीसिंध, खामखेड़ा, सखेड़ी, सुन्दरसी का भ्रमण कर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चल रहे कार्यो एवं अन्य विकास कार्यो का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने जनअभियान परिषद द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना भी की। ग्राम लाहोरी में कलेक्टर ने नाले एवं आंगनवाड़ी केन्द्र में बनाए गए रिचार्ज पिट का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम में निर्मित आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर खिड़कियों में मच्छर जाली, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने एवं किचन स्टेंड बनाने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इस आंगनवाड़ी केन्द्र में लगाई गई टाईल्स की तरह ही अन्य आंगनवाड़ी केन्द्रो में भी टाईल्स लगाए। ग्राम देवलाबिहार में कलेक्टर ने गांव के पानी की निकासी स्थान पर बनाए गए सोख पिट का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अन्य बड़ी ग्राम पंचायतों में भी इस तरह की सोख पिट बनाने के लिए भी कहा। ग्राम कालीसिंध में कलेक्टर ने मोहम्मद इजराईल खान के खेत तालाब का निरीक्षण किया। श्री खान ने बताया कि वे खेत तालाब में मछली पालन भी करते हैं, पिछले वर्ष मछली पालन में 10 लाख रूपये का टर्नओवर था, जिसमें से 3.50 लाख रूपये की बचत हुई। ग्राम खामखेड़ा में कलेक्टर ने प्रस्तावित तालाब की साईट का निरीक्षण किया, कलेक्टर ने कहा कि मनरेगा से बनने वाले तालाब में कार्य मजदूरों से कराए। इसी ग्राम में कलेक्टर ने निर्माणाधीन परकोलेशन टेंक का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटवाकर कंटूर ट्रेंचेस बनवाए और वर्षा के पूर्व कार्य पूरा कराए। ग्राम सखेड़ी में भी कलेक्टर ने निर्माणाधीन दो परकोलेशन टेंक का निरीक्षण किया। ग्राम सुन्दरसी में डगवेल रिचार्ज, पुरानी बावड़ी के रिचार्जिंग के लिए संरचना बनाने, ग्राम सुन्दरसी के हापाखेड़ा में खेत तालाब एवं पुरानी तलैया का निरीक्षण किया। पुरानी तलैया का जनसहयोग से जीर्णोद्धार कराने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि निकाली जाने वाली गाद तालाब की पाल पर डाले ताकि अधिक मात्रा में जल भराव हो। साथ ही कलेक्टर ने ग्राम सुन्दरसी में समर्थन मूल्य पर गेहूं की जा रही खरीदी के केन्द्र का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीण विकास विभाग का अमला भी मौजूद था।

# सांसद लालवानी के निर्वाचन को शून्य घोषित किए जाने हेतु लगाई याचिका में अगली तारीख 18 जून



इन्दौर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इन्दौर में जस्टिस प्रणय वर्मा की एकल पीठ मे इन्दौर सांसद शंकर लालवानी के निर्वाचन के खिलाफ दायर चुनाव याचिका पर सुनवाई करते पीठ ने याचिकाकर्ता तथा उक्त चुनाव में प्रत्याशी धर्मेंद्र झाला को जवाब पेश करने के लिए छह सप्ताह का समय दिया है। याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख 18 जून मुकर्रर की गई है।

याचिका सुनवाई के बारे में अभिभाषक प्रमोद सी. नायर के अनुसार सांसद लालवानी की ओर से सुनवाई दौरान उपस्थित हुए वकीलों ने आपत्ति ली कि झाला ने जो याचिका दायर की है, उसमें कई खामियां हैं और उनकी ओर से ही चुनाव में प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था। नायर ने इन आपत्तियों का विस्तृत जवाब पेश करने के लिए समय मांगा था। इस पर कोर्ट ने उन्हें 6 सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है।

ज्ञात हो कि धर्मेंद्र झाला ने भी उस लोकसभा चुनाव में नामांकन दाखिल किया था, लेकिन नाम वापसी के आखिरी दिन उनका नाम प्रस्तावक के जरिए वापस लेने की घोषणा जिला निवार्चन अधिकारी ने की थी, जबकि उनका कहना था कि उन्होंने नाम वापस नहीं लिया है। इस पर उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी को आपत्ति भी दर्ज कराई थी।

लेकिन वहां उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई तो उन्होंने हाईकोर्ट में सांसद लालवानी का चुनाव शून्य घोषित कराने के लिए चुनाव याचिका दायर की थी। जिस पर सुनवाई बाद अगली तारीख 18 जून मुकर्रर की गई।

# दिग्गजों की लड़ाई में उलझी आईडीए अध्यक्ष की कुर्सी



इन्दौर (नगर संवाददाता)। इन्दौर के आईडीए अध्यक्ष का फैसला आखिरकार एक साल बाद भी नहीं हो पाया है। दिग्गजों के कारण इन्दौर का मामला अटका हुआ है। जबकि जल्द ही इसका निर्णय हो जाना था। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान जब चौथी बार पदभार संभालने के बाद मैदान में आए थे तो उन्होंने सबसे पहले आईडीए अध्यक्ष की घोषणा की थी।

जयपालसिंह चावड़ा को अध्यक्ष बनाया था। 2023 के विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री का दायित्व मोहन यादव को मिल गया। यादव जैसे ही मुख्यमंत्री बने और उन्होंने केबिनेट की शपथ दिलाई तो सबसे पहले जयपालसिंह चावड़ा और निगम मंडल के विकेट गिर गए। चावड़ा को कई बड़े नेता पसंद नहीं कर रहे थे, इसी वजह से उनकी कुर्सी पर गाज गिर गई। एक साल से ज्यादा हो गया और अभी तक आईडीए अध्यक्ष के लिए निर्णय नहीं हो पाया। असल में इन्दौर के प्रभारी मुख्यमंत्री मोहन यादव खुद है। वहीं दो मंत्री है, जिसमें कैलाश विजयवर्गीय और तुलसी सिलावट शामिल है। सांसद शंकर लालवानी के साथ बड़े विधायकों का भी दखल है क्योंकि महेन्द्र हार्डिया पांच बार चुनाव जीते है और मालिनी गौड़ भी चौथी बार विधायक बनी है।

ऐसे में आईडीए अध्यक्ष के लिए दिग्गजों की लड़ाई में पूरा मामला अटकता हुआ दिखाई दे रहा है। नगर अध्यक्ष का फैसला भी बड़ी मुश्किल से हुआ था, जिसमें इन्दौर का नाम सबसे आखिरी में आया था। बताते हैं कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के साथ रमेश मेंदोला ने भी पूरी ताकत लगा दी थी और गोलू शुक्ला के टेके के साथ सुमित मिश्रा अध्यक्ष बन गए। ऐसे में पूरा मामला अब आईडीए अध्यक्ष की कुर्सी पर टिक गया है। आईडीए अध्यक्ष के लिए कई बड़े नाम सामने आए है लेकिन किसी युवा को मौका दिए जाने की बात भी की जा रही है।

इन्दौर के मामले में मुख्यमंत्री और कैलाश विजयवर्गीय की बात ही चल पाएगी, उसके बाद अंतिम फैसला होगा। विजयवर्गीय चाहते है कि उनकी टीम का ही आदमी आईडीए अध्यक्ष बनें। उनके कोटे से हरिनारायण यादव का नाम सुर्खियों में है। इसके अलावा टीनू जैन, मोहित वर्मा, मुकेश राजावत, नानूराम कुमावत जैसे नाम भी चर्चाओं में है। तीनों जैन मीडिया प्रभारी है और उनकी दिल्ली तक पकड़ है। पार्षद का टिकट ठुकराने के बाद उन्होंने विधानसभा की तैयारी की थी लेकिन कैलाश विजयवर्गीय को मौका मिल गया।

उनका नाम नगरअध्यक्ष की लिस्ट में था वहां पर भी उन्हें निराशा हाथ लगी। इसलिए अब आईडीए अध्यक्ष की दौड़ में वे भी है। मोहित वर्मा आईडीए के उपाध्यक्ष रह चुके है। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर के सबसे करीबी होने का फायदा भी उन्हें मिल सकता है क्योंकि मोहित के पिता संतोष वर्मा ने तोमर की मदद की है और वर्षो तक साथ में काम भी किया है। मुकेश राजावत अरविन्द भदौरिया के भरोसे लाइन में है, जबकि नानूराम कुमावत संघ के कोटे से आगे की सियासत कर रहे है। ऐसी स्थिति में देखना यह है कि लाटरी किसकी लगती है और कब लगती है?

# संविधान बचाओ रैली से नेताओं में जान फूंकेगी कांग्रेस

## ग्वालियर में संविधान बचाओ रैली शामिल होंगे राहुल-प्रियंका भी

इंदौर। मप्र में कांग्रेस अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं में जान फूंकने की कोशिश में लगी हुई है। इसके लिए मप्र कांग्रेस 28 अप्रैल को ग्वालियर में संविधान बचाओ रैली करने जा रही है। इस रैली में मप्र कांग्रेस के तमाम बड़े नेता ही नहीं, बल्कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे़, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी जैसे बड़े नेता भी शामिल होंगे।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का कहना है कि हर कार्यकर्ता इस आंदोलन को अपनी जिम्मेदारी माने और हर गांव, वार्ड तक संविधान का संदेश लेकर जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा के सांसद और देश के उप राष्ट्रपति तक सुप्रीम कोर्ट को चुनौती देते हैं। कांग्रेस पार्टी ने देश को आजाद कराया। बाबा साहब के साथ मिलकर संविधान को लागू कराया, इसलिए संविधान की रक्षा की जिम्मेदारी भी कांग्रेस की है। देश में लगातार संविधान और आरक्षण समाप्त करने की साजिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि 28 अप्रैल को ग्वालियर से राज्य स्तरीय रैली निकलने के बाद ब्लॉक स्तर पर रैलियां होंगी और इसके बाद घर-घर जाकर और चौपालों पर लोगों से बात की जाएगी।

### तीन चरणों में चलेगा अभियान

कांग्रेस का यह अभियान 3 चरणों में चलेगा। इन 3 चरणों में कांग्रेस मोदी सरकार के खिलाफ तमाम मुद्दों को लेकर जनता के बीच रैली और घर-घर संपर्क अभियान के रूप में पहुंचेगी। 3 मई से 10 मई तक जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैलियां आयोजित करेगा। इन रैलियों के माध्यम से मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ मुहिम छेड़ेगा।

इसमें बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, कृषि संकट, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की बदहाली आदि मुद्दों को जनता के बीच उठाया जाएगा। इसके तहत प्रदेश कांग्रेस के सभी मौजूद विधायक, पूर्व विधायक और जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी विधानसभा स्तर पर जनजागरण अभियान चलाएंगे। इसमें केन्द्र सरकार द्वारा किए जा रहे केन्द्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, महिलाओं, दलितों और आदिवासियों पर हो रहे हमलों को लेकर जनता के बीच बात रखी जाएगी।

इस दौरान कांग्रेस के तमाम नेताओं से लेकर कार्यकर्ता घर-घर लोगों से संपर्क करेंगे। इसके अलावा चौपालों पर महंगाई, बेरोजगारी, संविधानिक अधिकारों के हनन जैसे मुद्दों पर लोगों से चर्चा की जाएगी। कांग्रेस सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों तक अपनी बात पहुंचाएगी।

# राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल ने कलेक्टर डॉ. बेडेकर को किया सम्मानित

## समामेलित विशेष निधि संग्रहण में आलीराजपुर जिला द्वितीय स्थान पर

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल की अध्यक्षता में सैनिक कल्याण म.प्र. भोपाल की समामेलित विशेष निधि (एएसएफ) की 24वीं वार्षिक बैठक आज राजभवन में सम्पन्न हुई। सैनिक कल्याण म.प्र. भोपाल द्वारा भारतीय सशस्त्र सेनाओं के सैनिक देश की रक्षा, आंतरिक सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं में कर्तव्य पालन करते हुए वीरगति को प्राप्त हो जाने पर उनके आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास से संबंधित आर्थिक सहायता योजनाएँ संचालित की जाती हैं। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए म.प्र. शासन द्वारा जिले को 4 लाख 51 हजार रूपये विशेष निधि संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विपरीत जिला आलीराजपुर द्वारा 7 लाख 32 हजार रूपये की धन राशि एकत्रित की गई। प्रदेश में जिला आलीराजपुर द्वारा सराहनीय योगदान के लिए महामहिम राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल द्वारा आलीराजपुर कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। समामेलित विशेष निधि संग्रहण में प्रदेश में आलीराजपुर जिला द्वितीय स्थान पर रहा।



# अश्वगंधा खेती पर किसानों व स्व-सहायता समूहों के लिए ग्राम रंगवासा में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न






**इन्दौर, राष्ट्रीय जनभावना।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने और किसानों की आय में वृद्धि हेतु मध्यप्रदेश औषधि पादप बोर्ड के तत्वावधान में आयुष विभाग इंदौर द्वारा देवारण्य योजना के अंतर्गत ÷एक जिला एक उत्पाद -अश्वगंधा÷ पहल के तहत अश्वगंधा खेती पर दो दिवसीय किसानों व स्व-सहायता समूहों का खंडस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड हातोद ग्राम रंगवासा में किया गया। कार्यशाला में 13 स्व-सहायता समूह और 37 किसानों को अश्वगंधा की वैज्ञानिक खेती, इसके औषधीय महत्व और होने वाले आर्थिक लाभों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया, डॉ. डी.एस. चौहान, उप संचालक उद्यानिकी विभाग, श्री प्रवीण चौहान द्वारा अश्वगंधा के औषधीय महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बख्तियार अशर्फी आयुष विंग द्वारा किया गया। श्री चौहान द्वारा औषधि पौधों की खेती हेतु शासन के द्वारा लाई गई विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. कमलेश पाटिल निहालपुर मंडी, डॉ. जितेंद्र भालसे छोटा बांगडदा, डॉ. राकेश गुप्ता टिगरिया बादशाह, डॉ. महेश पोरवाल परदेशीपुरा, डॉ. अंकिता जैन खजराना, डॉ. ज्योति बडोले निरंजनपुर द्वारा अश्वगंधा खेती के लिए जमीन, बीज, दवाई, कटाई, अश्वगंधा के औषधीय उपयोग और किसानों को होने वाली आय के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. हंसा बारिया तथा डॉ. राकेश गुप्ता द्वारा किसानों को आयुष विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। आभार प्रदर्शन डॉ. गरिमा मंडलोई व डॉ. दीपाली गायकवाड रंगवासा द्वारा किया गया। राऊ क्षेत्र के किसान अंशुमन जोशी द्वारा खेती के अपने अनुभव साझा किए गए।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com